
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-8

सिनेमाः शाह रुख खान के साथ फिल्म बनाने की बात पर काजोल ने यूं किया रिएक्ट

वर्ष -08 अंक -10 | प्रयागराज, गुरुवार 10 मार्च, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### 'बुल्ली बाई' और 'सुल्ली डील्स' मामले में दिल्ली पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट, जानिए क्या है मामला

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट मामले में दिल्ली पुलिस ने बुल्ली बाई एप और सुल्ली डील्स को लेकर केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशंस (आइएफएसओ) इकाई मामले की जांच कर रही थी। गौरतलब है कि सुल्ली डील्स मोबाइल एप का मामला जुलाई 2021 में सामने आया था। इस एप में महिलाओं की अश्लील तस्वीरें लगाकर उन्हें नीलाम किया जाता था सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली की स्थानीय अदालत में चार मार्च को दो हजार पन्नें की चार्जशीट दाखिल की गई थी। जबकि सुल्ली डील्स केस की चार्जशीट 700 पन्नें में दाखिल की गई थी। सुल्ली डील्स के बाद बुल्ली बाई एप का मामला सामने आया था। दिल्ली की एक महिला पत्रकार ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि मोबाइल एप पर कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उसे निशाना बनाया जा रहा है। बुल्ली बाई में भी सुल्ली डील्स एप की तरह महिलाओं की नीलामी की जा रही थी।

## रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच चेनीबिल न्यूक्लियर प्लांट से कटा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का संपर्क

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का आज 14वां दिन है। रूस ने बुधवार के लिए यूक्रेन में सीजफायर का निर्देश दे दिया है। यह मास्को के समयानुसार बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगा। इस बीच कोका-कोला कंपनी ने रूस में अपने उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है। कोका-कोला कंपनी ने कहा है कि हमारा दिल उन लोगों के साथ है, जो यूक्रेन में इन दुखद घटनाओं से अचेतन प्रभाव झेल रहे हैं। वहीं, समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार अमेरिका ने यूक्रेन के लिए रूस निर्मित लड़ाकू विमान देने के पोलैंड के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को ब्रिटिश सांसदों को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने रूस को 'आतंकी देश' घोषित करने की अपील की। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस पर कड़े प्रतिबंधों को लागू करने की मांग करते हुए कहा कि हम आपकी मदद चाहते हैं और इस मदद के लिए शुक्रगुजार हैं। मैं आपका आभारी हूं बोरिस, प्लीज इस देश के खिलाफ और प्रतिबंध लगाएं और इसे आतंकी देश घोषित कर दें बांग्लादेश की



प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 'आपरेशन गंगा' के तहत यूक्रेन से अपने 9 नागरिकों को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक इस आपरेशन के तहत नेपाली, ट्यूनीशियाई छात्रों को भी बचाया गया ह एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रासी ने जानकारी दी है कि चेनीबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र से रिमोट डेटा ट्रांसमिशन खो गया है। चेनीबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र अब संयुक्त राष्ट्र के परमाणु प्रहरी को डेटा संचारित नहीं कर रहा है। समाचार एजेंसी एएफपी ने सेंट्रल बैंक के हवाले से बताया कि रूस ने 9 सितंबर तक विदेशी मुद्राओं की बिक्री पर रोक लगा दी है। यूक्रेन पर रूस के हमलों के बीच दुनिया भर की कंपनियां रूस पर पाबंदियां लगा रही हैं। इसी बीच पेप्सिको ने रूस में पेप्सी-कोला और अन्य वैश्विक पेय ब्रांडों के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। पाकिस्तान की अस्मा शफीक ने कीव में भारतीय दूतावास और प्रधानमंत्री मोदी को उन्हें निकालने के लिए धन्यवाद दिया। बता दें कि अस्मा शफीक को भारतीय अधिकारियों द्वारा बचाया गया है, जो अभी यूक्रेन से बाहर निकालने के लिए पश्चिमी यूक्रेन के रास्ते में है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार अमेरिका ने यूक्रेन के लिए रूस निर्मित लड़ाकू विमान देने के पोलैंड के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। कोका-कोला कंपनी ने रूस में अपने उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है। कोका-कोला कंपनी ने कहा है कि हमारा दिल उन लोगों के साथ हैं।

## भारत से पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान भेजी जा रही सहायता, गेहूं की तीसरी खेप रवाना

**नई दिल्ली।** भारत ने सहायता के तौर पर पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान को 2,000 टन गेहूं की तीसरी खेप मंगलवार को भेजी। इससे पहले 22 फरवरी को भारत ने 2,500 टन गेहूं



अफगानिस्तान भेजा था, जो 26 फरवरी को जलालाबाद पहुंच गया था। इस महीने के शुरू में भी भारत ने 2,000 टन गेहूं अफगानिस्तान भेजा था।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, अफगानिस्तान के लोगों की मदद करने का हमारा प्रयास निरंतर जारी है। आज 2,000 टन गेहूं की तीसरी खेप को जलालाबाद के लिए रवाना किया गया। यह अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्यन्न कार्यक्रम केतहत वितरित किए जाने वाले 50 हजार टन गेहूं भेजने की भारत की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। बताते चलें कि भारत ने पिछले साल सात अक्टूबर को पाकिस्तान को अपने सड़क मार्ग से अफगानिस्तान तक 50 हजार टन गेहूं पहुंचाने देने का प्रस्ताव भेजा था। इस पर इस्लामाबाद ने 24 नवंबर को सकारात्मक जवाब दिया था। भारत ने सोमवार को कहा था कि वह अफगानिस्तान के लोगों को आवश्यक मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में हितधारकों के साथ समन्वय करना जारी रखेगा। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के लिए भारत के स्थायी प्रतिनिधि इंद्रमणि पांडे ने कहा, 'अफगानिस्तान के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा इस देश के लोगों के साथ ऐतिहासिक मित्रता पर केंद्रित रहा है। हम अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ हैं। पांडे मानवाधिकार परिषद के 49वें सत्र के दौरान अफगानिस्तान में मानवाधिकारों के संरक्षण को और मजबूत करने संबंधी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त की रिपोर्ट पर आयोजित चर्चा को संबोधित कर रहे थे। पांडे ने कहा कि मानवीय सहायता के प्रयास के तहत भारत पहले ही अफगान लोगों के लिए 4000 मीट्रिक टन गेहूं, कोविड-रोधी टीके की करीब पांच लाख खुराकें, 13 टन आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं और सर्दियों के कपड़ों की आपूर्ति कर चुका है।

## दो साल बाद 27 मार्च से फिर शुरू होंगी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

**नई दिल्ली।** दो साल बाद 27 मार्च, 2022 से अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाएं फिर शुरू होंगी। कोरोना के मामलों में गिरावट को देखते हुए सरकार



ने यह फैसला लिया है। कोरोना महामारी के दौरान संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सरकार ने 23 मार्च, 2020 को भारत में निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं को निलंबित करने का फैसला लिया था। हालांकि जुलाई 2020 से एयर बबल व्यवस्था के तहत भारत और 37 देशों के बीच विशेष अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें संचालित हो रही हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा, हितधारकों के साथ विचार-विमर्श और कोरोना के मामलों में तीव्र गिरावट को ध्यान में रखते हुए हमने 27 मार्च, 2022 से अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं फिर से शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद एयर बबल व्यवस्था खत्म हो जाएगी। सिंधिया ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि इस कदम के साथ यह क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दुनिया भर में कोरोना से बचाव के लिए तीव्र और प्रभावी टीकाकरण और हितधारकों के परामर्श से भारत सरकार ने 27 मार्च, 2022 से भारत के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय यात्री सेवाओं को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के दौरान कोरोना से बचाव के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। भारत से अनुसूचित वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय यात्री सेवाओं का निलंबन 26 मार्च, 2022 को केवल 23:59 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त हो जाएगा। इससे पहले विमानन नियामक डीजीसीए ने 28 फरवरी को देश में अंतर्राष्ट्रीय यात्री उड़ानों का निलंबन अगले आदेश तक बढ़ा दिया था।

## कंधार विमान अपहरण कांड के एक अपहरणकर्ता की हत्या, कराची में चला रहा था फर्निचर स्टोर

**नई दिल्ली।** कंधार विमान अपहरण कांड में शामिल एक आतंकी की पाकिस्तान के कराची में गोली मारकर हत्या कर दी गई



है। 24 दिसंबर, 1999 को नेपाल के काठमांडू से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले इंडियन एयरलाइंस के विमान (उड़ान संख्या आइसी-814) को हाईजैक कर अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मारे गए अपहरणकर्ता की पहचान मिस्त्री जहूर इब्राहिम के रूप में हुई है। उसकी एक मार्च को पाकिस्तान के कराची में अख्तर कालोनी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह जाहिद अखुंद के नाम से वहां रह रहा था और एक फर्नीचर स्टोर खोल रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक इब्राहिम को उसके फर्नीचर गोदाम के अंदर ही उसके सिर में दो गोली मारी गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को इलाके की रेकी करते देखा गया। एक ने हेलमेट पहन रखा था तो दूसरे ने मास्क से अपना चेहरा छिपाया था।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इब्राहिम को कराची में दफनाया गया जिसमें आतंकी संगठन जैश-ए-मुहम्मद सरगना मसूद अजहर का भाई रऊफ असगर भी शामिल हुआ था। भारतीय अधिकारियों ने पहले था कि इब्राहिम ने ही विमान में रिपन कात्याल की चाकू मार कर हत्या कर दी थी। बाद में तीन आतंकवादियों मसूद अजहर अल्वी, सैयद उमर शेख और मुश्ताक अहमद जरगर की रिहाई के बाद विमान में सवार अन्य 170 लोगों को आतंकियों ने छोड़ा था।

## एनडीए में आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का जवाब, रातों-रात नहीं हो जाती है सामाजिक क्रांति


**नई दिल्ली।** सामाजिक क्रांति रातों-रात नहीं हो जाती है। इसमें समय लगता है। नेशनल डिफेंस अकेडमी (एनडीए) में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सीटें आरक्षित करने की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने इस मामले पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। याचिका में एनडीए में एससी, एसटी एवं ओबीसी के लिए सीटें आरक्षित करने के साथ ही एनडीए-2021 परीक्षा में भाग लेने और पास होने वाली महिलाओं की संख्या बताने की मांग भी की गई थी। जस्टिस एसके कौल और जस्टिस एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि अभी वह केवल एनडीए में महिलाओं के प्रवेश के मामले पर ही सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने केंद्र को एनडीए से पास होने वाली महिलाओं को सशस्त्र बलों में नियुक्ति देने से पड़ने वाले प्रभाव एवं सभी पहलुओं पर अध्ययन कर रिपोर्ट देने को कहा है। अगली सुनवाई 19 जुलाई को तय की गई है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा कि एनडीए में महिला कैडेट की भर्ती बड़ा नीतिगत फैसला है। इससे पड़ने वाले दीर्घकालिक प्रभाव के आकलन के लिए थोड़ा समय मिलना चाहिए। इसके लिए कम से कम तीन महीने का समय दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल महिला प्रतिभागियों को एनडीए की प्रवेश परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी थी। एनडीए-2021 में महिलाओं के लिए 19 सीटें तय की गई थीं। 2022 के लिए भी 19 सीटें ही रखने पर जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से इसका कारण स्पष्ट करने के लिए कहा था। शीर्ष अदालत ने कहा कि 400 सीटों में से महिलाओं के लिए मात्र 19 सीटों को पर्याप्त नहीं माना जा सकता है।

## केंद्रीय बल के पहरे में होगी मतगणना, रिजल्ट आने के बाद विजय जुलूस निकालने पर रहेगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की सुरक्षा-व्यवस्था में लापरवाही को लेकर एक ओर जहां विपक्ष सवाल उठा रहा है तो दूसरी ओर पुलिस-प्रशासन शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न कराने की तैयारियों में जुटा है। खास रणनीति के तहत सभी जिलों में सुरक्षा बंदोबस्त किये जा रहे हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में भी पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। यूपी विधानसभा के सात चरणों का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने के बाद अब पुलिस के अंतिम परीक्षा मतगणना की है। यही वजह है कि डीजीपी मुख्यालय स्तर पर सभी जिलों में किये जा रहे बंदोबस्त पर सीधी नजर रखी जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि 10 मार्च को मतगणना के लिए 250 कंपनी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके अलावा 61 कंपनी पीएसी, 625 राजपत्रित पुलिस अधिकारी, 1807 निरीक्षक, 9598 उपनिरीक्षक, 11627 मुख्य आरक्षी व 48649 आरक्षी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेंगे। 36 कंपनी केंद्रीय बल ईवीएम की सुरक्षा में तथा 214 कंपनी केंद्रीय बल मतगणना व कानून-व्यवस्था की ड्यूटी में मुस्तैद रहेगा। सभी जोन, रेंज व जिले के पुलिस अधिकारियों को मतगणना स्थल व उसके आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कड़े निर्देश दिये गये हैं। साथ ही सभी संवेदनशील क्षेत्रों में भी अतिरिक्त पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। मतगणना के बाद कहीं भी विजय जुलूस न निकाले जाने को लेकर भी कड़े निर्देश दिये गये हैं। कहीं किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों से पूरी सख्ती से निपटे जाने के निर्देश दिये गये हैं। मतगणना 10 मार्च की सुबह आठ बजे आरंभ होगी। इसके दृष्टिगत सभी जिलों में नौ मार्च की रात से ही पूरी मुस्तैदी बरते जाने के साथ ही संवेदनशील स्थानों पर गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिये गये हैं। सभी 75 जिलों व चार पुलिस कमिशनरेट में मतगणना के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती शुरू कर दी गई है। 15465 अराजक तत्वों पर रही नजर : एडीजी ने बताया कि चुनाव के दौरान 15465 अराजक तत्वों को सूचीबद्ध कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने के साथ ही उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। चेकिंग में 186 अवैध शस्त्र की फैक्ट्री भी पकड़ी गई। पुलिस ने 10277 अवैध असलहे, 232 किलोग्राम विस्फोटाक व 336 बम भी बरामद किये गये। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद प्रदेश में 2220 स्थानों पर नाकेबंदी कर प्रभावी चेकिंग भी कराई गई। इस दौरान 52.64 करोड़ रुपये से अधिक रकम पकड़ी गई। 6.66 लाख रुपये नेपाली मुद्रा भी पकड़ी गई। 11.72 लाख लीटर अवैध शराब भी बरामद की गई। 16207 किलो मादक पदार्थ व 256 किलो सोना-चांदी भी बरामद की गई।

## एक दिन में बढ़े 600 नए मामले, 24 घंटे में सामने आए 4575 केस, 145 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक हफ्ते बाद कोरोना के मामलों में इजाफा देखा गया है। संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। कोरोना से आज 145 लोगों की जान गई है जबकि मंगलवार को कोरोना के 108 मरीजों की मौत



स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 4,575 नए मामले सामने आए हैं। इससे पहले, मंगलवार को देश में कोरोना के 3,993 मामले सामने आए थे बीते 24 घंटे में कोरोना से मरने वाले लोगों की हुई थी। देश में कुल मृतकों की संख्या बढ़कर अब 5,15,355 हो गई है। लगातार दूसरे दिन कोरोना के एक्टिव केस 50 हजार से नीचे ही है। देश में अभी कोरोना के 46,962 मरीज एक्टिव है। कोरोना से अब तक कुल 4,24,13,566 लोग ठीक हो चुके हैं।



# राष्ट्रिय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** दिनांक 8/3/2022 को सेलिब्रेशन बैंक्वे हॉल- करेली में प्रयागराज इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व् उपलक्ष में 12 विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को संस्था की तरफ से सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मान दिया एवम उनका मनोबल बढ़ाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आस्था जैसवाल (पी पी एस), नाजिया नफीस, शानू काविश , यास्मीन अंजुम, निखत तहसीन, सुप्रिया रावत , श्वेता श्रीवास्तव, पुष्प देवी , डा . फातिमा एवम रंजना श्रीवास्तव जी को सम्मानित किया गया । उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष खालिद समदानी ने किया । प्रदेश कार्यकरिणी अध्यक्ष शिशिर गुप्ता, प्रदेश कार्यकरिणी उपाध्यक्ष फैजान रजा, प्रदेश विधि सलाहकार आर. के . पांडे, प्रदेश विधि सलाहकार फिरोज हैदर , प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक , प्रयागराज संभागीय महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा साहिबा खान , जिला उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) श्वेता साहू, जिला सचिव (महिला प्रकोष्ठ) गयूर जफर , जिला मीडिया प्रभारी डा जैदाउल्लाह व डा शमशाद , ब्लॉक अध्यक्ष मेराज अहमद, ब्लाक उपाध्यक्ष इजहार अली एवम सभी वॉलंटियर उपस्थित थे ।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

## एनेस्थैटिक डॉ नीलम सिंह ने बताया कोरोनाकाल में कैसा रहा उनका सफर कोरोना संक्रमित मरीजों का जीवन बचाने में एनेस्थीसिया विभाग की भूमिका रही अहम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमित मरीज की स्थिति गंभीर हो जाने पर उसके जीवन को बचाने की सबसे अहम ज़िम्मेदारी एनेस्थेसिया विभाग के चिकित्सकों की हो जाती है। एनेस्थैटिक को कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के दौरान संक्रमण होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। क्योंकि वह मरीज के मुह के सीधे संपर्क में रहता है। आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर हम जनपद के स्वरूरनी रानी नेहरू अस्पताल में कार्यरत कोरोना योद्धा एनेस्थैटिक डॉ नीलम सिंह (आईसीयू इंचार्ज, ऑक्सीज़न इंचार्ज, क्रिटिकल केयर, प्रोफेसर) की उपलब्धियों के साथ ही कोरोनाकाल में कैसा रहा उनका सफर जानेंगे। जिन्होने कोरोनाकाल में वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हजारों लोगों को बचाया। आइसीयू व एचडीयू वार्ड में भर्ती गंभीर करीब 5 हज़ार से ऊपर कोरोना पॉज़िटिव मरीजों का इलाज किया व करीब 160 कोरोना पॉज़िटिव गर्भवती



महिलाओं को एनेस्थेसिया देकर सुरक्षित एवं सफल प्रसव कराया है। एनेस्थैटिक डॉ नीलम सिंह ने बताया कि 'जिम्मेदारियाँ बड़ी थीं, 12 से 15 घंटे लगातार पीपीई किट पहनकर काम किया। मरीज का परिवार से दूर होने के कारण निराशा उन्हें ना घेरे इसके लिए मानसिक तौर पर हमेशा उन्हें साहस दिया। कोविड वार्ड में मरीजों को दवा व उनके भोजन से लेकर ऑक्सीज़न लेवल सेचुरेशन आदि सभी का हमने ख्याल रखा। ऑक्सीज़न इंचार्ज होने के नाते ऑक्सीज़न गैस कि समुचित व्यवस्था की ज़िम्मेदारी भी मुझपर रही। संक्रमण के कारण कई बार सांस फूलने की स्थिति में मरीज अपने मुह पर लगे वाइ-पैप मास्क हटा दिया करते थे इसलिए ऐसे मरीजों को पकड़कर घंटों बैठना भी पड़ा है। कोई मरीज जब ठीक होकर जाता तो उनके भावुक होने पर आँखें हमारी भी खुशियों से भर आती थीं। बहुत ख्याल व प्रयास के बाद भी हम कुछ लोगों को नहीं बचा पाए इसका दुख अभी भी परेशान करता है। इसलिए इस विभाग की रही अहम भूमिका उन्होने बताया कि एनेस्थैटिक चिकित्सक को लोग बस एनेस्थीसिया विशेषज्ञ जानते हैं बल्कि वेंटिलेटर के संचालन का एनेस्थैटिक ही विशेषज्ञ होता हैं। इसलिए कोरोनाकाल में वेंटिलेटर पर भर्ती मरीजों कि देखभाल के लिए एनेस्थेटिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। वेंटिलेटर पर भर्ती मरीज ज़िदगी से जंग अकेले नहीं लड़ता बल्कि उसके साथ एनेस्थैटिक अपने अनुभवों की पूरी ताकत झोंक देता है। मरीज जब तक ऑक्सीज़न मास्क व वाइपेप मास्क तक सीमित रहता है तब तक स्थितियाँ पूरी तरह से काबू में रहती हैं। पर जब वह वेंटिलेटर पर जाता है तो उसकी हालत बेहद नाजुक हो चुकी होती है। हमने वेंटिलेटर पर गए पंद्रह मरीजों को स्वस्थ करके उनके घर भेजा है। एनेस्थैटिक चिकित्सकों को ज़्यादातर लोग बस एनेस्थीसिया विशेषज्ञ जानते हैं बल्कि वेंटिलेटर के संचालन का एनेस्थैटिक ही विशेषज्ञ होता हैं। इसलिए कोरोनाकाल में वेंटिलेटर पर भर्ती मरीजों कि देखभाल के लिए एनेस्थेटिक की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# न्यायालय परिसर में हुआ महिला दिवस का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह
**प्रतापगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में



न्यायालय परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सिविल जज सी0डि0/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर सचिव ने कहा कि महिला दिवस मनाने का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति जागरूक किया जाना है। उन्होने कहा कि जहां पर नारियों की पूजा होती है वही पर देवता निवास करते है, महिला स्वयं में एक शक्ति है, उसके ऊपर दो परिवारों की जिम्मेदारी होती है। उन्होने कहा कि महिला दिवस सभी विकसित विकासशील देश में मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं को उनकी क्षमता, सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक तरक्की दिलाने व उन महिलाओं को याद करने का दिन है जिन्होनें महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने के प्रयास किये है। भारत में महिलाओं को शिक्षा, मतदान करने का अधिकार और मौलिक अधिकार प्राप्त है। माता-पिता बेटे-बेटियों में कोई अन्तर नही समझते है। इस अवसर पर महिला कल्याण अधिकारी जया यादव, महिला अधिवक्ता किरन बाला सिंह, प्रतिभा सिंह, साबिरा खातून, विभा पाण्डेय, नीतू, राजेश्वरी सिंह आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मध्यस्थ अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, पीएलवी राम प्रकाश पाण्डेय एवं शालिनी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 26 मार्च तक करें आवेदन

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह
**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के अन्तर्गत संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में अनुसूचित जाति/अनु0 जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी 26 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सेवायोजकता में वृद्धि एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रत्येक वर्ष एक वर्षीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। दिनांक 01 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र 2022-2023 में प्रवेश हेतु आवेदन प्रारम्भ में जिसमें 18 से 35 वर्ष के ऐसे इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनका हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय रहा हो आवेदन कर सकते है।उन्होने बताया है कि कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण के अंतर्गत अभ्यर्थियों को सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य गणित एवं तर्कशक्ति आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है। अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा एक फोटो के साथ कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर विलम्बतम् 26 मार्च 2022 तक आवेदन जमा कर सकते है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनु0जाति/अनु0 जनजाति के अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है। अभ्यर्थियों का कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। टंकण एवं कम्प्यूटर की जानकारी रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। दिनांक 28 मार्च को अनुसूचित जाति/अनु0 जनजाति एवं दिनांक 29 मार्च को अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार प्रातः 11 बजे से कार्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक एवं जाति आदि प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथियों को कार्यालय परिसर में उपस्थित हो।

# कडी सुरक्षा के बीच कल होगी मतगणना, मुंडेरा मंडी में जुटे अफसर

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता
**प्रयागराज।** इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन ईवीएम की सुरक्षा-व्यवस्था में लापरवाही को लेकर एक ओर जहां विपक्ष सवाल उठा रहा है तो दूसरी ओर पुलिस-प्रशासन शांतिपूर्ण मतगणना संपनन कराने की तैयारियों में जुटा है। खास रणनीति के तहत सभी जिलों में सुरक्षा बंदोबस्त किये जा रहे हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में भी पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। विधानसभा चुनाव की मतगणना गुरुवार को सुबह आठ बजे से मुंडेरा मंडी परिसर में होगी। मतगणना के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री और उप जिला निर्वाचन अधिकारी हर्ष देव पांडेय ने मंडी परिषद का निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रवेश और निकास के रास्तों को देखा। मतगणना के दिन मंडी परिषद के गेट संख्या दो से प्रत्याशी और अभिकर्ता प्रवेश पा सकेंगे।

# बकरी खरीदने के व्यक्ति पर किया गया हमला

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह
**प्रतापगढ़।**डेरवा निवासी मो0 इस्लाम कुरैशी उर्फ बब्लू और मोहम्मद फैसल पुत्र बब्लू अईमा पुर थाना महेश गंज में बकरी खरीदने गये थे वहीं घात लगाए बैठे गुंडे नामक व्यक्ति और उसके साथियों ने उस पर हमला कर दिया और उसके छीना झपटी भी किया। साथ लगभग पाँच लोगों ने बब्लू और फैसल कुरैशी पर हमला कर दिया और गम्भीर रूप से घायल कर दिया।लाठी और डंडों से लगातार प्रहार किया और उनके पास से लगभग 34 हजार रुपए छीन लिया। घायल अवस्था में पीडित थाना महे गंज पहुँचे और अपनी रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस ने फौरन उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ उपचार के बाद जनपथ अस्पताल हेतु रेफर कर दिया गया।पीडित की हालत गंभीर बनी हुई है।

# संगम नगरी प्रयागराज में मतदान के दिन हुए बम कांड

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता
**प्रयागराज।** पुलिस ने खुलासा कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दी है बम कांड का यह पूरा मामला करेली थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड गौस नगर करैली का है जहां 27 फरवरी मतदान के दिन अज्ञात बदमाशों ने माहौल खराब करने के लिए दो बम फेंके जिसमें से पहला बम कब्रिस्तान में फेंके और दूसरा बम मतदान केंद्र से कुछ ही दूरी पर 60 फीट रोड पर फेकी जिसमें एक साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था करेली के 60 फिट रोड पर बम ब्लास्ट करने वाले करेली के ही रहने वाले हसन,मोइनुद्दीन, आशिफ मतदान केंद्र के बाहर 60 फिट रोड पर और कब्रिस्तान से बम फेंका था, जिससे बम लगने से कोरांव के रहने वाले अर्जुन की मौत हो गई थी और मेरा भाई घायल हो गया था, पुलिस ने प्रथम दृष्टया घायल को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया की साइकिल सवार झूले में बम लेकर जा रहे थे लेकिन पुलिस और एसओजी ने जब बारीकी से जाच की तो सीसीटीवी में अर्जुन की साईकल पर कोई झोला नही था, पुलिस ने जाच को आगे बढ़ाते हुए दर्जनों नम्बर को सर्विलांस में



लगाया ,जिससे पता चला कि इस ब्लास्ट में कुल 9 लोग शामिल है जिसमें से इशारे पर काम करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और 6 अभियुक्त फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश पर है प्रयागराज पुलिस का दावा है की 10 मार्च की शाम तक फरार चल रहा है अभियुक्तों की भी गिरफ्तारी हो जाएगी प्रयागराज पुलिस के अनुसार पहले मोइन उद्दीन ने पहला बम फेका था लेकिन बम पेड़ से टकरा गया और फटा नही तब हसन ने दूसरा बम फेंका जिससे सड़क पर जा रहे साइकिल के हैंडल पर लगा और अर्जुन मौत हो गई थी पुलिस को कब्रिस्तान से एक ज़िंदा बम भी मिला था, हालंकि चुनाव के मतदान केंद्र के कुछ दूरी पर बम फेंकने या फिर अर्जुन को मारने का कारण क्या था ये साफ नही है। पुलिस का कहना है कि कानून व्यवस्था को खराब करने और मतदान का माहौल बिगाड़ने की नियत से पंप लिखा गया था इस बम कान के पीछे राजनीतिक हाथ भी हो सकता है जिसकी खुलासा मास्टरमाइंड के गिरफ्तार होने के बाद हो सकता है लेकिन यह साफ है कि भीड़ भाड़ वाली जगह पर बम फेंकने का मकसद मतदान के दिन माहौल खराब करना था पुलिस ने इस बात की आशंका जाहिर किया की इस पूरे बम कांड के पीछे राजनीतिक दल और नेता का हाथ हो सकता है जिसके इशारे पर या बम थोड़ा गया है


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 मार्च 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# हाईवे पर खड़ी ट्रक में पीछे से हुई एक्सीडेंट में बाइक सवार की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश कुमार यश**

**रोहनिय (वाराणसी)।** राजातालाब थाना के पास एचडीएफसी बैंक के सामने हाईवे पर खड़ी ट्रक में पीछे से हुई एक्सीडेंट से रानी बाजार निवासी बाइक सवार कुर्बान अली 40 वर्षीय की मौके पर ही हुई दर्दनाक मौत हो गयी।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे राजातालाब थाना प्रभारी राम आशीष व राजातालाब कस्बा चौकी प्रभारी हरिकेश सिंह ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कुर्बान अली मंगलवार की रात में लगभग 11बजे मोहनसराय के तरफ से बाइक से अपने घर रानी बाजार के लिए जाते समय राजातालाब के पास एचडीएफसी बैंक के सामने हाईवे पर खड़ी ट्रक में पीछे से अचानक एक्सीडेंट हो जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक कुर्बान अली रानी बाजार में जूता चप्पल का दुकान चलाता था।घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता लाल मोहम्मद उर्फ लालचंद शेख तथा पतनी शबनम व दो बच्चे खुशी और लकी का रो रो कर बुरा हाल रहा।घटना से राजातालाब ,रानी बाजार,कचनार में शोक की लहर छा गयी।

# यात्रियों से भरी क्रूजर पेड़ से टकराने से एक की मौत आधा दर्जन यात्री घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सर्वेश कुमार यश**

**रोहनिय (वाराणसी)।** शहावाबाद स्थित जीटी रोड पर बुधवार को सुबह लगभग 8:30 बजे तेज रफ्तार से जा रही यात्रियों से जा रहे थे जिसके दौरान शहावाबाद गांव के सामने पहुंचने पर अनियंत्रित होकर क्रूजर गाड़ी पेड़ से टकरा गई जिससे क्रूजर सवार सुब्बाराव,लक्ष्मी रामबाबू, बाबा राव समेत लगभग आधा



भरी क्रूजर गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से एक यात्री की मौके पर ही हुई मौत तथा कई लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण भारतीय दर्शनार्थीयो ने काशी विश्वनाथ जी का दर्शन करने बात मिर्जापुर के विंध्याचल देवी का दर्शन करने के क्रूजर गाड़ी से दर्जन दक्षिण भारतीय यात्री घायल हो गए और श्रीनाथ राव नामक यात्री की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रोहनिया थाना प्रभारी विमल कुमार मिश्रा ने उक्त सभी घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया तथा मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

# वाराणसी में पर बवाल : सपाइयों ने ईवीएम भरे दो वाहन पकड़े, डीएम-पुलिस कमिशनर को घेरा, एडीजी की गाड़ी पर पथराव

**वाराणसी।** जिले में मंगलवार की शाम समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पहड़िया मंडी से ईवीएम दो वाहन में भरकर बाहर ले जाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन और हंगामा शुरू कर दिया। पहड़िया मंडी में ही ईवीएम को सोमवार की रात जिले भर से संकलित कर एक जगह रखा गया था। ईवीएम को दो वाहन में भरकर बाहर ले जाने के आरोप में सपाइयों ने हंगामा कर दिया तो प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर सपाइयों को समझाने में जुट गए। पहड़िया मंडी में दो वाहन पर ईवीएम लदकर कहीं जा रहा था कि मौके पर मौजूद सपा कार्यकर्ताओं ने उसे रोक लिया। विवाद की जानकारी होने पर सुभासपा-सपा के सुनील सोनकर और अरविंद राजभर भी मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस बीच रात करीब ग्यारह बजे एडीजी की गाड़ी पर मौके पर जुटे लोगों ने पथराव कर दिया। इससे उनके चालक लालता को चोट आई। मंडी गेट के बाहर भीड़ ने कमिशनर की फ्लीट को रोका और बैरिकेडिंग लगा दिया। पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग गिरा कर जब गाड़ी निकालने का प्रयास किया जा रहा था तो पथराव शुरू हो गया। ड्राइवर लालता प्रसाद यादव के घायल होने पर उनको दीनदयाल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। वहीं पुलिस अधिकारी प्रबल प्रताप सिंह ने क्षतिग्रस्त इनोवा कार को मुख्यालय 95 केरिपु बल के गेट के अंदर कराया। उसी दौरान उनकी गाड़ी पर पथराव भी कर दिया गया। वहीं सिगरा थाना की गाड़ी में



उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की। इस दौरान पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया। आधी रात को विभिन्न दलों की ओर से शिकायत और मीडिया में वाराणसी में हुए बवाल की खबरों का संज्ञान लेकर रात में ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर से मीडिया को रिपोर्ट जारी कर पूरे प्रकरण पर चुनाव आयोग का रुख स्पष्ट किया। कोतवाली थाना क्षेत्र के हरतीरथ चौराहे पर सपा कार्यकर्ता ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। आदमपुर थाना क्षेत्र के गोलगड्डा चौराहे पर सपा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन। मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची। बड़ीबाजार क्षेत्र में रात लगभग सवा ग्यारह बजे हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क पर निकल आए। पुलिस ने लोगों को घर जाने की अपील की। इस बीच सपा प्रत्याशिथों वाराणसी के डीएम व कमिश्चर को हटाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को संबोधित पर्यवेक्षक को पत्रक सौंपा। रात करीब 10.30 बजे धरना दे रहे सपा, बसपा, सुभासपा, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने डीएम कौशलराज शर्मा और पुलिस कमिशनर ए सतीश गणेश को पहड़िया मंडी से बाहर नहीं निकलने दिया। दोनों अधिकारी वापस स्ट्रांग रूम की ओर आकर बैठ गए। वहीं सपा के सहयोगी दल सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने भी ट्वीट कर जिला प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया। ईवीएम लदे दोनों वाहनों को पकड़ने के बाद सपाइयों ने हंगामा शुरू कर दिया। वहीं मौके पर पहुंचे अधिकारियों का कहना था कि यह ईवीएम कल मतगणना की ट्रेनिंग के लिए यहां से यूपी कालेज ले जाया जा रहा था। वहीं साढ़े सात बजे मौके पर जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा पहुंचे और सपाइयों से ड्राइवर को मुक्त कराया और सपाइयों को समझाने की भी कोशिश की। वहीं सपाइयों की भीड़ से घिरे जिलाधिकारी ने समझाने की कोशिश की लेकिन उनको रात आठ बजे तक सफलता नहीं मिल सकी। दूसरी ओर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे पैरा मिलिट्री फोर्स से सपाई बहस करते रहे। रात 8:50 बजे पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की अफवाह के बीच भगदड़ मची तो कुछ लोग एक दूसरे पर जा गिरे और चोटिल हो गए। पहड़िया स्थित मतगणना स्थल पर कांग्रेस की ओर से पूर्व सांसद डा. राजेश मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और प्रकरण की जानकारी ली। वहीं रात आठ बजे जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा और पुलिस कमिशनर ए. सतीश गणेश नेताओं से बातचीत करने पहुंचे और उनको समझाने का प्रयास किया।विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी के बीच माइक लेकर खड़े इलेक्ट्रानिक मीडिया के लोगों के साथ भी प्रदर्शन कर रहे लोगों ने धक्का मुक्की करने के साथ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को घेर कर नारेबाजी भी की।

# वाराणसी में शराब पार्टी के दौरान धारदार हथियार से युवक की हत्या स्वजनों ने दोस्तों पर लगाया आरोप

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र में देर रात शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में एक युवक को चाकुओं से गोदकर मार डालने की घटना सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इस मामले में पुलिस ने रात में शराब पार्टी के दौरान साथ में मौजूद एक साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।लंका थाना क्षेत्र के सामनेघाट, मदरवां का रहनेवाला श्रवण राजभर (21) मंगलवार की रात आठ बजे अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था। मृतक के बहनोई अजीत राजभर ने बताया कि घटनास्थल पर काफी खून बिखरा





कर दिया है। इस मामले में पुलिस अन्य आरोपितों को भी हिरासत में लेकर पड़ताल करने की तैयारी में है। लंका थाना क्षेत्र के लौटूबीर मंदिर के पास शराब पार्टी के दौरान बीती देर रात युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस बाबत रात एक बजे पुलिस को सूचना मिली। वारदात की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर लंका ने मृतक के स्वजनों को फोन से सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिवार वालों ने दोस्तों पर ही हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने था और गले व पेट में चाकू मारकर हत्या की जानकारी सामने आई है। अजीत ने बताया कि श्रवण को पार्टी के बहाने ले जाकर दोस्तों ने ही मार डाला। इसके पहले किसी तरह के विवाद से परिवार वालों ने इनकार किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने एक साथी को हिरासत में लेकर पूछताछ और जांच शुरू कर दी है। वहीं मृतक के पिता मुनाऊ और मां तारा देवी तथा चार बहनों और परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल था।मृतक मजदूरी करता था और अक्सर पड़ोस के दोस्तों के साथ जाता था।

# वाराणसी में विवाद के बाद ईवीएम के नोडल अधिकारी नलिनीकांत सिंह को निर्वाचन कार्यों से हटाया गया

**वाराणसी।** जिले में मंगलवार की देर रात जिला प्रशासन की ओर से हुई लापरवाही के बाद विवाद और झड़प के लिए आखिरकार वाराणसी में ईवीएम के नोडल प्रभारी को हटा दिया गया है। जबकि संजय कुमार अपर जिलाधिकारी को नया ईवीएम नोडल प्रभारी बनाया गया है। वहीं नलिनी कांत सिंह को सभी प्रकार के चुनावी दायित्वों से लापरवाही की वजह से मुक्त कर दिया गया है। इस बाबत बुधवार को जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा की ओर से एक पत्र जारी कर विभागीय कार्रवाई की जानकारी दी गई है। पत्र में नलिनीकांत सिंह को दायित्वों से हटाने के साथ ही उनको मतगणना स्थल से पृथक करने के साथ ही निर्वाचन और मतगणना संबंधी स्थलों पर भी न रहने का निर्देश जिलाधिकारी ने जारी किया है। जारी पत्र में लिखा गया है कि - विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु श्री नलिनी कांत सिंह (जिला आपूर्ति अधिकारी) वाराणसी को ईवीएम का नोडल प्रभारी बनाया गया था। दिनांक 8 मार्च को इनके द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, उप



जिला निर्वाचन अधिकारी तथा राजनीतिक दलों को ईवीएम का मूवमेंट प्लान शेयर किए बिना ही ईवीएम वेयरहाउस से 20 ईवीएम प्रशिक्षण स्थल उदय प्रताप कॉलेज भेजी गई। सभी प्रशिक्षण मशीनें राजनीतिक दलों को मोमेंट प्लान शेयर करने के उपरांत दिनांक 9 मार्च को प्रातः भेजी जानी थी। इनकी इस लापरवाही की वजह से वाराणसी के प्रत्याशियों में बहुत बड़ी भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई। जिसे नियंत्रित करने में जनपद की छवि भी गंभीर रूप से धूमिल हुई है। ऐसी गंभीर अनियमितता के कारण श्री नलिनी कांत सिंह अपर जिलाधिकारी आपूर्ति वाराणसी को ईवीएम नोडल प्रभारी के कार्य से मुक्त किया जाता है। वहीं श्री संजय कुमार अपर जिलाधिकारी वाराणसी को ईवीएम का नोडल प्रभारी बनाया जाता है। इसके साथ ही नलिनीकांत सिंह अपर जिलाधिकारी आपूर्ति वाराणसी को निर्वाचन के सभी कार्यों से हटाया जाता है तथा आदेशित किया जाता है कि अब वे निर्वाचन संबंधी एवं मतगणना संबंधी कोई कार्य नहीं करेंगे ना ही मतगणना स्थल जाएंगे।

# अखिलेश वाराणसी से मतगणना स्थल की लेते रहे रिपोर्ट, कहा - दुनिया देखेगी लोकतंत्र कैसे बचाया जाता है'

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा ईवीएम पकड़ने की घटना सामने आने के बाद इस मामले से पार्टी के पदाधिकारियों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी अवगत कराया गया। इसके बाद अखिलेश यादव ने पार्टी की ओर से प्रेस कांफ्रेंस कर पार्टी के कार्यकर्ताओं को ईवीएम की रखवाली का संदेश दिया। वहीं रात में विवाद के दौरान अखिलेश को मौके से पल पल की प्रगति से अवगत कराया जाता रहा। वहीं वाराणसी में विवाद को देखते हुए अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया और ढोल मंजीरा के साथ रतजगा करने और किसान आंदोलन की तरह ही उनके लिए लंगर लगने और लोकतंत्र को बचाने के प्रयासों के तरीकों को लेकर भी संदेश जारी किया। वाराणसी में विवाद के बाद पूर्वांचल के अमूमन सभी जिलों में मतगणना स्थल पर ईवीएम की सुरक्षा को लेकर सपाइयों ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी। केंद्रों की निगरानी बढ़ाने के साथ ही प्रशासनिक सक्रियता और केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई। देर रात अखिलेश यादव ने भी दो ट्वीट जारी कर मतगणना स्थलों की



व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की अपील की पोस्ट वायरल होती रही। अखिलेश का पहला ट्वीट : वाराणसी में पकड़े जाने का समाचार उप्र की हर विधानसभा को चौकनन रहने का संदेश दे रहा है। मतगणना में धांधली की कोशिश को नाकाम करने के लिए सपा-गठबंधन के सभी प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने कैमरों के साथ तैयार रहें। युवा लोकतंत्र व भविष्य की रक्षा के लिए मतगणना में सिपाही बनें। अखिलेश का दूसरा ट्वीट : आज से,अभी से हर युवा, हर मतदाता अगले तीन दिन तक मत की रक्षा के लिए मतगणना केंद्र की किलेबंदी कर दे और ढोल-मंजीरा लेकर आज़ादी के अफ़साने गाए। किसानों की तरह उनके लिए भी लोकतंत्र के लंगर लगेंगे व दुनिया देखेगी लोकतंत्र को कैसे बचाया जाता है। राजनीति बाहुबल के आगे जनबल झुकेगा नहीं। अखिलेश यादव के इन दोनों ट्वीट के सामने आने के बाद पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की ओर से खूब संदेश शेयर किए गए। वहीं आधीरात को बवाल थमने के बाद भी कार्यकर्ताओं की सतर्कता और निगरानी कम नहीं हुई। अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के संदेश के बाद पूर्वांचल के अन्य जिलों में भी बुधवार को पार्टी स्तर पर बैठक कर ईवीएम की सुरक्षा को लेकर रणनीति बनाई गई। वहीं सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर भी रात में अखिलेश यादव से मिले और आयोग से वाराणसी में विवाद की शिकायत भी की।

# आजमगढ़ में विस चुनाव में वेब कास्टिंग कंपनी की महिला अधिकारी का मिला शव, सपा ने कहा - 'बड़ी साजिश, जांच करे पुलिस'

**आजमगढ़।** जिले में मतदान वाले दिन वेबकास्टिंग के लिए काम करने वाली कंपनी की एक महिला अधिकारी का शव उसके कमरे से जानकारी पर होटल में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस तक पहुंची तो उसने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। हापुड़ जिले होटल पहुंचे, तो मृतक सरिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद देख कर आवाज लगाई, लेकिन इसके बाद कोई उत्तर नहीं मिला। खिड़की



आजमगढ़ जिले में मिलने के बाद विवाद की चर्चा एक दिन बाद मंगलवार की शाम समाजवादी पार्टी की ओर से शिकायत के बाद शुरू हुई। दरअसल चुनाव वाले दिन यानी सात मार्त को मतदान के दौरान वेबकास्टिंग टीम की निजी कंपनी की महिला अधिकारी आजमगढ़ जिले में कैमरा लगाने के लिए होटल में ठहरी हुई थी। उसके कमरे का काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर बहन ने इस बाबत पुलिस को सूचना दी तो मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज स्थित एक होटल में सोमवार की रात हापुड़ से आई महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की के कोतवाली क्षेत्र के साकेत कालोनी की रहने वाली सरिता चौधरी (35) विधानसभा चुनाव में वेबकास्टिंग कैमरा लगाने के लिए टीम के साथ दो मार्च को आई थीं। उसके दो दिन बाद चार मार्च को उनकी बहन संगीता और बहनोई अजीम भी पहुंचे थे। सभी एक ही होटल के अलग-अलग कमरे में रहते थे। इस बाबत मंगलवार की रात समाजवादी पार्टी की ओर से आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से इस मौत को संदिग्ध बताते हुए चुनाव से जुड़ा मामला होने की वजह से प्रकरण की जांच की मांग की है परिजनों ने बताया : परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम बहन और बहनोई किसी काम से बाहर गए थे। लगभग दो घंटे बाद से झांक कर देखा तो सरिता दुपट्टे के सहारे छत के चुल्ले से लटक रही थी। यह सब देखकर चीख पुकार मच गई। इस बाबत होटल प्रबंधन तक जानकारी पहुंची तो दरवाजा तोड़ा गया और पुलिस को सूचना दी गई।मृतका के एक चौदह वर्ष की पुत्री है समाजवादी पार्टी ने जांच की उठाई मांग आजमगढ़ जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान पोलिंग बूथों पर वेबकेम लगाने वाली कंपनी की महिला अधिकारी का शव एक होटल के कमरे में लटका मिलना अत्यंत दुखद! ये एक बड़ी साजिश की ओर इशारा हो सकता है ये पूरा घटनाक्रम। मामले की जांच करा कड़ी कार्रवाई करे पुलिस प्रशासन।

# एग्जिट पोल मतदाताओं की भावनाओं से खिलवाड़ दीनानाथ यादव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लो0) ने एग्जिट पोल एक सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इसके आड़े में बड़ा खेला कर सकते है। लल्लन राय ने कहां। कि एग्जिट पोल चुनाव का परिणाम नहीं है। बल्कि इसके आड़े में कुछ भी कर सकते है। गठबंधन के कार्यकर्ताओं को आवश्यक सावधानी बरतनी होगी। एजेंटों को सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती करवानी चाहिए। तब ई वी एम की जांच करने के बाद गणना शुरू करानी चाहिए। प्रदेश सचिव शमसाद अहमद तथा जिला अध्यक्ष दीनानाथ यादव ने कहा। कि एग्जिट पोल मतदाताओं की भावनाओं से खिलवाड़ है। मौके पर राजीव वर्मा, संतोष यादव, जियाउद्दीन अहमद, मंजूर आलम, रशीद खान, साकिब अली, इमरान खान आदि लोग मौजूद रहे।



# सरकारी विभागों में आपूर्ति वाला पेट्रोल डीजल 10-15 रुपये महंगा, आम लोगों के लिए भी महंगा होने की चर्चा

**वाराणसी।** प्रदेश में विधान सभा के सभी चरण के चुनाव सम्पन्न होने के साथ पेट्रोल-डीजल के दामों में 10 से 15 रुपये तक महंगा होने की चर्चा तेज हो गयी है। इससे पूर्व सरकारी विभागों में आपूर्ति होने वाले डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी एक मार्च को ही कर दिया गया है। प्रयागराज जोनल हेड कैलाश चंद्र विमल ने बताया कि एक मार्च से सरकारी विभागों में आपूर्ति होने वाले डीजल पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी की गई है। औसतन यह 10 से 15 रुपये प्रति लीटर है। उन्होंने बताया कि दूरी के हिसाब से दाम में कुछ अंतर हो सकता है। इस लिहाज से सप्ताह भर में क्रूड के दाम बढ़ने के बाद अब प्रदेश में भी दामों में इजाफा का संकेत है। वाराणसी में बुधवार को पेट्रोल 95.35 रुपये और डीजल का दाम 86.89 रुपये रहा। तब बढ़ सकता है सरकारी वाहनों का भाड़ा सरकारी विभागों में आपूर्ति होने वाले डीजल पेट्रोल के महंगे होने से




यात्रियों का सफर महंगा हो सकता है। कई प्रकार के संकट से जूझ रहा डिपो इस बार तेल की महंगाई की मार से उबरने के लिए किराया में बढ़ोतरी बहुत जल्द करेगा। जानकारी के मुताबिक ये काम बहुत पहले हो गया होता लेकिन चुनाव के चलते सरकार का दबाव होने के कारण कंपनियां कदम नहीं बढ़ा पा रही थीं। अब चुनाव परिणाम आने के साथ ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने तय हैं। वहीं अब पेट्रोल पंपों पर भी लोग इसे अधिक मात्रा में खरीद कर स्टोर भी करने लगे हैं। पेट्रोल डीजल टंकियों पर वाहनों की कतार चुनाव के खत्म होने के साथ पेट्रोल डीजल के दामों में देर रात से बढ़ने की आशंका की देखते हुए बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों को फूल करने के लिए टंकियों पर पहुंच गए। वाराणसी पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन की मनीषा जैन बताती हैं कि चर्चा इसकी बहुत तेज है कि पेट्रो पदार्थों के दामों में बहुत जल्द बढ़ोतरी की जानी है। दरअसल, चुनाव में हुए खर्च और वैश्विक स्तर पर हुए कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी के चलते कंपनियां अब दाम बढ़ाकर मुनाफा बढ़ाना चाह रही हैं।

# बनारस से बैंकाक, काठमांडू के बीच विमान सेवाएं शुरू होने की जगी उम्मीद

**वाराणसी ।** कोरोना संक्रमण के चलते 23 मार्च 2020 से बंद पड़े इंटरनेशनल विमानों के संचालन को 27 मार्च से प्रारंभ करने का निर्देश नागर विमानन महानिदेशालय की ओर से जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही वाराणसी एयरपोर्ट से बैंकाक, कुआलालंपुर, कोलंबो और काठमांडू के लिए विमान सेवा प्रारंभ होने की उम्मीद भी जगी है। हालांकि एयरपोर्ट के अधिकारियों का कहना है कि अभी इस बारे में किसी भी विमानन कंपनी ने बातचीत नहीं किया है। विमानन कंपनियां उपरोक्त रूटों पर विमान संचालित करना चाहेंगी तो दिशा-निर्देश का पालन करते हुए कर सकती हैं। कोरोना के चलते प्रतिबंध लगाए जाने से पहले वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकाक, कुआलालंपुर, कोलंबो, काठमांडू और शारजाह के लिए अंतरराष्ट्रीय कामर्शियल विमान सेवाएं संचालित की जाती थीं। इनसे बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक वाराणसी आते थे।

# इंतेजार की घड़ी खत्म, धड़कने हुई तेज, रिजल्ट आज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सरफराज अहमद**

**फूलपुर।** प्रदेश में चुनावी बिगुल, फिर मतदान की तिथियां, फिर एग्जिट पोल अंत में मतगणना और परिणाम की घड़ी आ गई। ऐसे में प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों की बेचैनी बढ़ गई है। देखे तो चुनाव प्रत्याशी नहीं लड़ता बल्कि समर्थक लड़ते हैं। दिन रात गर्मी, बारिश, भूख, प्यास झेलने वाला ही असल समर्थक होता है। झगड़ा लड़ाई मारपीट सब कुछ वही झेलता है। कार्यकर्ता अपने कंधों पर लादकर नेता को विधानसभा भेजता है। आज वही गुणा भाग फूलपुर के सपा प्रत्याशी मोहम्मद




मुजतबा सिद्दीकी के कार्यालय में हो रहा था। कोई अग्रिम जीत की बधाई, तो कोई भूखे प्यासे रहकर मतगणना पर पैनी निगाह रखने की बात कर रहा था। पूर्व विधायक मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी के चेहरे पर मुस्कुराहट के स्वर थे। कि मुझे दक्षिणी इलाके से जबरदस्त सहयोग मिला है। जिससे मत प्रतिशत बढ़ा है। वहीं मत प्रतिशत मेरा भाग्य विधाता होगा। मौके पर जियाउद्दीन अहमद, नसरुद्दीन राईम, अशफाक अहमद, परवेज अहमद, सददन भाई, सुहेल अहमद, कुमार मंगल, संजय गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# जोन के स्ट्रांग रूम में एक लेयर की सुरक्षा और बढ़ाई गइ

**मीरजापुर ।** विभिन्न स्थानों पर ईवीएम या मतमत्र बदले जाने की खबर उड़ते ही डीआइजी विध्याचल रेंज आरके भारद्धाज ने रेंज के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एक लेयर और बढ़ा देने के निर्देश समस्त एसपी को दिए हैं। उन्होंने बताया कि घोरावल में पकड़ा गया मत पत्र फर्जी नहीं है। न ही उसपर किसी ने अपने वोट दिए हैं। एसडीएम के पास खाली मत पत्र थे। जिसे उनको मंगलवार को ही जमा करने थे। वही मतपत्र वे लेकर आ रहे थे। इसी दौरान उनको लोगों ने पकड़ लिया और मतपत्र बदले जाने की आशंका जताने लगे। हालांकि ऐसी कोई बात नहीं है उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीन रखी गई है। इसमें सबसे पहले सिविल पुलिस, इसके बाद पीएसी तथा जहां ईवीएम रखी गई वहां के कमरे की निगरानी अर्धसैनिक बल के हाथों में है। इस तरह कुल तीन लेयर की सुरक्षा स्ट्रांग रूम की रहती है, लेकिन मंगलवार को ईवीएम बदलने की अफवाह पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एक लेयर और बढ़ा दी गई है। जिससे किसी के मन में किसी प्रकार की आशंका नहीं रहे। अब स्ट्रांग रूम की सुरक्षा दस मार्च को मतगणना समाप्ति तक चार लेयर की रहेगी। साथ ही स्ट्रांग रूम की तरफ जाने वाले किसी भी वाहन को चेक करके ही भेजने को कहा गया है। रिटर्निंग आफिसर/उप जिलाधिकारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र घोरावल ने बताया कि सन्दर्भित प्रकरण के संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 400 (घोरावल) को 11900 बैलेट यूनिट मतपत्र जारी किए गए थे। बचे मतपत्रों को सुरक्षित रखे जाने के लिए वाहन से भेजवाया जा रहा था। इसी समय कालेज के रास्ते बाहर कुछ राजनीतिक पार्टी के सदस्यों ने वाहन रोककर इसपर आपत्ति की गई। तत्पश्चात उच्च अधिकारियों के निर्देश प्राप्त होने पर अविलंब मौके पर उपस्थित लोगों के समक्ष बाक्स को सील-मुहर बंदकर राजनीतिक दलों के एजेंट/प्रत्याशियों से लिखित पंचनामा कराते हुए कोषागार में सुरक्षित रखवा दिया गया।

# प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की 14 टेबल पर होगी मतगणना

**मीरजापुर ।** बथुआ स्थित राजकीय पालिटेक्निक परिसर में बनाए गए मतगणना स्थल पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की 14 टेबल पर 10 मार्च को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सभी प्रत्याशियों के प्रत्येक टेबल पर एक-समाज पार्टी से पूर्व सांसद नरेंद्र सिंह कुशवाहा सहित कुल 60 प्रत्याशी अपने जीत की दावेदारी कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना परिसर में मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित है, कोई भी प्रत्याशी या उनके एजेंट



एक एजेंट रहेंगे। पोस्टल बैलेट की मतगणना अलग टेबल पर होगी, इसके लिए प्रत्येक प्रत्याशी के दो मतगणना एजेंट रहेंगे। मतगणना कक्ष में होने वाले कार्यों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। ईवीएम राजकीय पालिटेक्निक कालेज परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में अर्धसैनिक बलों की कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के लिए मीरजापुर जिले में 60 प्रत्याशी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। विधानसभा 395 छानबे में 08, 396 मीरजापुर में 14, 397 मझवां में 14, 398 चुनार में 10 और 399 मड़िहान में 14 सहित कुल 60 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी से ऊर्जा राज्यमंत्री व मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, मीरजापुर से रतनकर मिश्रा, चुनार से अनुराग सिंह साथ ही भाजपा व अपना दल सोने लाल गठबंधन छानबे से राहुल प्रकाश कोल चुनाव मैदान में हैं। मड़िहान से बहुजन मोबाइल फोन लेकर अंदर नहीं जा सकेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि सभी प्रत्याशी संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से फार्म-18 भरकर मतगणना एजेंटो का परिचय पत्र प्राप्त कर सकेंगे। बिना अधिकृत परिचय पत्र के मतगणना परिसर में प्रवेश नहीं होगा।प्रशासन मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने राजकीय पालिटेक्निक कालेज में बने स्ट्रांग रूम के साथ ही मतगणना स्थल का मंगलवार को निरीक्षण किया। मतगणना तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। बताया कि प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबल पर मतगणना होगी। राजकीय पालिटेक्निक कालेज परिसर में बने स्ट्रांग रूप में विधानसभा की ईवीएम को रखा गया है। ईवीएम से छेड़छाड़ रोकने और सुरक्षा के मददेनजर अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व समर्थक भी डेरा डाले हुए हैं।

# कई दिनों की लगातार भागदौड़ से मिली निजात राहत में दिखे प्रत्याशी

**सोनभद्र।** विधानसभा चुनाव को लेकर लंबे समय से तैयारी कर दिन रात एक करने वाले विभिन्न दलों के प्रत्याशी सोमवार को मतदान संपन्न होने के बाद मंगलवार को राहत में नजर आए। अन्य दिनों की तुलना में उनकी दिनचर्या बदली-बदली सी रही। कई दिनों से लगातार पैदल चलने से निजात मिली। प्रत्याशियों ने सुबह उठकर नित्य क्रिया के बाद सन ध्यान किया और फिर आए हुए कार्यकर्ताओं से मिलकर मतदान के बाद चुनावी समीकरण पर चर्चा की। राबर्ट्सगंज सदर से भाजपा प्रत्याशी भूपेश चौबे सुबह कोतवाली के पीछे स्थित आवास पर सन ध्यान के बाद कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मिले। उन्होंने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, संदीप मिश्रा, संजय जायसवाल समेत अन्य से चुनावी समीकरण पर चर्चा की। उधर सपा प्रत्याशी अविनाश कुशवाहा अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मतगणना की तैयारी में जुटे रहे। वे विभिन्न क्षेत्रों में मिले वोटों के आंकलन पर भी चर्चा करते नजर आए। कार्यकर्ता भी प्रत्याशी को क्षेत्रों में मिले वोटों के बारे में समीक्षात्मक जानकारी दे रहे थे। उधर सपा के ही घोरावल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रमेश चंद्र दुबे मंगलवार को नित्य क्रिया के बाद घर में ही बने कार्यालय में बैठे। वहां कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे। कार्यकताओं से चुनावी समीकरण पर चर्चा की। फिर मतगणना की तैयारी पर चर्चा करने के बाद वे पालिटेक्निक कालेज के लिए कार्यकर्ताओं संग रवाना हो गए। गोविदपुर ओबरा से बसपा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री सुभाष खरवार अन्य दिनों से कुछ विलंब से जागे। नित्यकर्म से निवृत्त होकर मोबाइल से कार्यकर्ताओं के हाल चाल के साथ मतदान के दिन की विशेष बातों की जानकारी ली।

# शेयर बाजार में रुपये डूबे तो व्यापारी ने लगा ली फांसी, मौत

**मीरजापुर ।** शहर कोतवाली के पसरहट्टा मोहल्ला निवासी व्यापारी पसरहट्टा मोहल्ला निवासी पुरुषोत्तम मुडडा (45) शेयर बाजार में रुपये डूबने से सोमवार की रात अपने कमरे की छत से रस्सी का फंदा लगाकर झूल गया। सुबह स्वजन दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुरुषोत्तम आभूषण का व्यापारी था। इसके साथ ही उसने शेयर बाजार में कुछ रुपये लगाए थे। इसमें उनको काफी मुनाफा भी होता था तो कभी कभार कुछ घाटा भी लगता था। वह लगातार इस क्षेत्र में रकम लगाता रहा। इन दिनों इसमें लाखों रुपये लगाए थे। सोचा था कि अच्छा मुनाफा होगा। इसी बीच रूस और यूक्रेन में युद्ध शुरू हो गया। इससे शेयर बाजार का भाव गिरने लगा। यह देख सोचा कि यह संभलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भाव गिरते ही गए। इससे उसके इसमें लाखों रुपये डूब गए। ऐसे में उसको गहरा धक्का लगा और सदमे में रहने लगा। हालांकि इसके बारे में किसी को नहीं बताया। अंदर ही अंदर वह इससे परेशान रहा। सोमवार की शाम अपने साथियों को पार्टी भी दी थी। कहा कि यह उसकी यादगार पार्टी रहेगी। सभी लोगों को जमकर खिलाया और खुद भी खाया। इसके बाद रात का घर सोने चले आया। कमरे का अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। सुबह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो स्वजन जगाने के लिए गए। कई बार आवाज लगाकर उठाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कुछ आवाज नहीं आई। ऐसे में खिड़की से झांककर देखा तो वह कमरे में गाटर के चुल्ले में रस्सी से लगे फंदे के सहारे झूल रहा था। यह देख सभी शोर मचाने लगे। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी पहुंच गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। स्वजन ने बताया कि इसमें उन्होंने कितने रुपये लगाए थे इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं है। बस इतना पता है कि शेयर बाजार में रुपये लगाते थे। वह पांच भाइयों व चार बहनों में सबसे छोटा था।

# विकास के साथ ही आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनें महिलाएं

**मीरजापुर ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद स्तर पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम ने स्वरोजगार से महिलाओं के विकास संग उनको आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए प्रेरित किया। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। दो बालिकाओं का बाल विवाह रोकवाने पर जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी से मुख्य सचिव महिला एवं बाल विकास अनीता श्री मेश्राम ने वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की वृहद समीक्षा की। संचालन करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने महिलाओं से जुड़ीं लाभकारी योजनाओं के बारे में बताया। पद्मश्री लोक गायिका अजिता श्रीवास्तव के द्वारा गीत गाकर महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना जागृत किया। महिला कल्याण अधिकारी डा. मंजू यादव द्वारा सम्मानित किया। पूजा मौर्या, नागीना सिंह ने प्रेरित किया। रजनी दुबे, दिव्या जायसवाल, शालिनी देवी, सीता सिंह, रोमी सिंह, विवेक द्विवेदी, विधि सिंह, विष्णुकांत तिवारी, सत्येंद्र अग्रहरी, अभिताभ अली रहे। बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर के नवीन व्याख्यान संकुल के सेमिनार हाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मजबूत भविष्य के लिए लैंगिक समानता की जरुरत है पर आचार्य प्रभारी प्रो. विनोद कुमार मिश्र ने विचार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि प्रो. रोयना सिंह एनाटमी विभाग चिकित्सा विज्ञान संस्थान ने आज के संदर्भ में नारी शक्ति की पहचान देश-दुनिया में बढ़ाने एवं महिलाओं के खिलाफ भेदभाव से बाहर निकलने का रास्ता सुझाया। देश-दुनिया में वैश्विक पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ने वाली महिलाओं को याद किया। विशिष्ट अतिथि डा. शशि पांडेय राय ने महिलाओं के संघर्ष को बताया। मुख्य वक्ता डा. शशि प्रभा लखनऊ विश्वविद्यालय ने महिला शशक्तीकरण पर प्रकाश डाला। डा. प्रज्ञा मिश्रा, डा. आद्रिथ शंकर, डा. रजनी श्रीवास्तव, डा. कंचन पडवल, डा. विनीता सिंह, डा. प्रिया सिंह, छात्र-सलाहकार डा. आषीश लटारे डा. कंचन, किरन दामले, डा. कौस्तुभ चटर्जी रहे।

# खोड़ैला के जंगल में मृत मिला तेंदुआ

**सोनभद्र।** रामगढ़ वन रेंज के खोड़ैला गांव के उत्तर दिशा में चौरा कंपार्टमेंट (6) के जंगल में चट्टान के बीच एक तेंदुआ मंगलवार को मृत अवस्था में मिला। सोमवार की रात ही ग्रामीणों ने रेंजर को तेंदुआ के मौत की सूचना दी थी, तेंदुए का शव नहीं मिला। मंगलवार की सुबह फिर टीम के साथ खोजबीन शुरू हुई। दोपहर लगभग 12 बजे खोड़ैला गांव के उत्तर घोरपिछड़ा के जंगल में चट्टान के बीच मादा तेंदुआ का शव मिला। इसकी उम्र



जिस पर रातभर वन विभाग की टीम ने तेंदुए की तलाश की। मंगलवार को दोपहर बाद वन विभाग ने तेंदुए को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन क्षेत्राधिकारी रामगढ़ रेंज सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का राजफाश हो सकेगा। वन क्षेत्राधिकारी रामगढ़ रेंज ने बताया कि सूचना पर रात में ही रामगढ़ वन रेंज के वन कर्मियों की टीम के साथ हम सभी जंगल रवाना हो गए। ग्रामीणों की सूचना के आधार पर जंगल में काफी खोजबीन की गई, लेकिन लगभग एक साल बताई गई है। तेंदुए के शरीर पर कहीं चोट का निशान नहीं था। तेंदुए को वन रेंज कार्यालय रामगढ़ ले आया गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रेंजर ने बताया कि तेंदुए की मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा।वन विभाग की टीम में वन क्षेत्राधिकारी रामगढ़ रेंज सत्येंद्र कुमार सिंह, वन दरोगा राजेंद्र प्रसाद शर्मा, शिव शंकर मिश्र, घनश्याम शुक्ला, देवनाथ, चंद्र प्रकाश मिश्रा, वनरक्षक अनुज प्रताप सिंह समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# जागृति पावर वूमेन ट्रस्ट ने गायत्री लाज में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

**सोनभद्र।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागृति पावर वूमेन ट्रस्ट के तत्वाधान में दिनांक 8:03 2022 को नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति कार्यक्रम डॉ वीणा सिंह की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन जागृति पावर वूमेन ट्रस्ट की संस्थापक अनीता गुप्ता जी ने किया, सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन का कार्य हुआ जिसमें शांता मां जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजसेवी का है ,सोनभद्र की सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉक्टर रचना तिवारी ,संत जोसेफ स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर रंजना ,खाद्य एवं विपणन अधिकारी अर्चना मिश्रा, राज्य की बालिका इंटर कॉलेज राबर्ट्सगंज की प्रधानाचार्य रंजना शुक्ला ,दंत रोग विशेषज्ञ डॉ मीनाक्षी सिंह ,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीणा सिंह,कवयित्री अलका केशरी आरिया जी उपस्थित थी। आदरणीय पूनम जी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इसके बाद सरस्वती वंदना विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत



किया गया ,उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान किया गया और बच्चियों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया ।जिसमें चारू नित्या निष्का आदि शामिल थी।तत्पश्चात अलका केशरी आरिया ने अपनी कविता ठजागो हे नारियोंठसे सबको आह्लादित किया, आदरणीया डॉक्टर रचना तिवारी जी के द्वारा नारियों के उत्थान हेतु अप,ने वक्तव्य रखे गए, फिर सभी उपस्थित अतिथियों के द्वारा अपने आशीर्वचन प्रदान किए। इसके बाद बच्चों ने बड़े ही मनोहारी रूप से अपने नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में थोड़े ही समय में समा बांध दी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में सरिता श्रीवास्तव ,रीता गुप्ता, पल्लवी सिन्हा, साधना गुप्ता, संगीता वर्मा, बीना गुप्ता ,ममता गुप्ता, अर्चना जायसवाल ,प्रतिभा सोनी, लक्ष्मी देवी ,आशा बहन, कीर्ति देवी, माला सिंह, माधुरी कुशवाहा, भावना जायसवाल, नीतू त्रिपाठी, पूनम ,चिंता पांडे, गीता गौड़, निर्मला शर्मा, एकता श्रीवास्तव ,ज्ञानमती देवी, कमलेश जायसवाल ,सिंधु प्रिया, मारिया त्रिपाठी ,ज्योति राठौर, प्राची अग्रहरी, शिव कुमारी सिंह, सुमन तिवारी, गायत्री त्रिपाठी, अनामिका सिंह, चित्रा जालान, सोनी गुप्ता ,वंदना राज ,रेशमा, तस्लीम,रिकेश्वरी मिश्रा ,संगीता श्रीवास्तव ,सुरसरि पांडे, सिस्टर लिटी, सिस्टर रश्मि ,ब्रह्मा कुमारी सुमन, कुंज रमन, उषा ,मुकुल, चंद्रिका ,साधना मिश्रा ,रुबी गुप्ता, गीता देवी ,चांदनी गुप्ता, रंजीता चौधरी, ममता सिंह, आदि उपस्थित रहीं ।इसके बाद सभी को सम्मान पत्र देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन में डॉक्टर वीणा सिंह द्वारा अपने वक्तव्य को रखते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

# चढ़ने लगा होली का रंग, मुस्कुराया बाजार

**मीरजापुर ।** होली का त्योहार नजदीक होने के चलते बाजारों में रौनक बढ़ गई है। खरीदारी करने के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है। बाजार में उमड़ रहे ग्राहकों ने विक्रेताओं के चेहरों की मुस्कान बढ़ा दी है। महिलाओं से लेकर दहन होगा व 18 मार्च को रंग खेला जाएगा। इसके बाद शुरू होगा घर-घर जाकर होली मिलने का सिलसिला। होली में नए कपड़े पहनने का खासा क्रेज रहता है। इसके चलते वासलीगंज, घंटाघर, बसनही बाजार, त्रिमोहानी और



बच्चे व बुजुर्ग दुकानों पर जाकर कपड़े खरीद रहे हैं। वहीं साज-सज्जा का सामान खरीदने के लिए लोगों में धूम मची हुई है। आने वाले दिनों में बाजार में भीड़ बढ़ने का अनुमान है। दुकानदार भी अपने स्टाक फुल कर रखे हैं। होली के रंग में इस साल लोग सराबोर नजर आएंगे। इसके लिए लोग अभी से प्लानिग भी कर रहे हैं। दो साल तक त्योहार के समय कोरोना का संक्रमण था। इस बार कोरोना के लगातार गिरते ग्राफ और सुरक्षा के लिए लगाए टीका को लेकर लोगों में होली का उत्सव की तैयारियां अभी से बाजार में सिर चढ़कर बोल रही हैं। बाजार से लेकर घरों तक तैयारियां जोर पकड़ने लगी है। आगामी 17 मार्च को होलिका मुख्य बाजार में ग्राहकों की खासा भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं अपने लिए साड़ी के साथ सलवार-सूट व अन्य डिजाइनर कपड़े खरीद रही हैं तो बच्चों में भी नए परिधान खरीदने की होड़ सी मची हुई है। रेडिमेड दुकानों पर बच्चों की संख्या बहुतायत में देखी जा सकती है। ग्राहकों की अच्छी संख्या को देखते हुए दुकानदारों के चेहरे पर खुशी देखी जा सकती है। कपड़ा दुकानदार अविनाश गोयल, विशाल जायसवाल, सेल्समैन अनिल व राहुल ने बताया कि ग्राहक निराश होकर उनके प्रतिष्ठान से न लौटे, इसके लिए गुणवत्तायुक्त कपड़ों व अन्य सामान का स्टाक लगाया है जो ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम कर रही है।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा तिथि घोषित, 42600 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। इस बार जिले में 42600 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। जिले स्तर पर परीक्षा को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। इस बार पिछले वर्ष के तुलना में परीक्षार्थियों की संख्या घट गई है। इस बार 77 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा होगी। वर्ष 2022 में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 42600 है जबकि वर्ष 2021 में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 45198 थी। पिछले वर्ष के 11 विद्यालयों को इस बार परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की वार्षिक परीक्षाएं कराने की तैयारी में जुटा है। इसको लेकर जिला स्तर पर भी परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जा चुका है। इस वर्ष हाईस्कूल में कुल 23886 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसमें 12019 छात्रा व 11867 छात्र शामिल हैं। इसी तरह इंटर में संस्थागत 8572 बालक, प्राइवेट में 440 बालक, संस्थागत 9417 बालिका व प्राइवेट में 285 बालिका पंजीकृत हैं। इस तरह इंटर में इस बार कुल 18714 परीक्षार्थी नामांकित हैं। हाईस्कूल व इंटर मिलाकर इस वर्ष यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए कुल 42600 परीक्षार्थी नामांकित हैं। वर्ष 2021 में परीक्षार्थियों की संख्या 2022 की तुलना में ज्यादा थी। वर्ष 2021 में हाईस्कूल में कुल 26933 परीक्षार्थी व इंटर में 18265 परीक्षार्थी नामांकित थे। इस तरह 45198 परीक्षार्थी वर्ष 2021 में नामांकित थे। जिला विद्यालय निरीक्षक का कहना है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 2598 परीक्षार्थी कम हुए हैं। डीआइओएस ने बताया कि इस बार 77 केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं। सचल दस्ता का गठन किया जाना है। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आनलाइन लगाएगा। परीक्षा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है।

# दो स्थानों पर चुनावी रंजिश में चार को पीटा चार पर केस दर्ज

मीरजापुर : जनपद के दो स्थानों पर हुए मतदान के बाद चुनावी रंजिश को लेकर दबंगों ने चार लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जमालपुर के मनई गांव में अधेड़ को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने गंभीर देख मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, जिगना के रघईपुर गांव स्थित दलित बस्ती में एक ही परिवार के तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। इसके चलते बस्ती में तनाव की स्थिति बनी है। जमालपुर : क्षेत्र के मनई गांव निवासी बाबूलाल (43) सोमवार को अपने घर से तीन सौ मीटर की दूर बियार बस्ती में मतदान के लिए गए थे। मतदान समाप्त के बाद वहीं पर रुक गए थे। रात करीब नौ बजे के लगभग बियार बस्ती से वापस लौट रहे थे, कुछ दूरी पर पहुंचे ही थे कि बीच रास्ते में गांव के ही चार मनबढ़ युवकों ने उनकी लात-घूसों से जमकर पिटाई कर दी। इसके चलते पूरी रात सड़क किनारे पड़े रहे, दूसरे दिन उधर से गुजर रहे लोगों ने घायल के स्वजन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, बाद में रेफर कर दिया गया। घायल की पत्नी ने गांव निवासी मनीष सिंह, सतीश सिंह, पिटू बियार एव भरोस बियार के खिलाफ एनसीआर दी। रघईपुर गांव में मतदान को लेकर दूसरे दिन मंगलवार को हुए विवाद में दलित बस्ती के एक ही परिवार के तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। गांव निवासी व घायल नीरज ने आरोप लगाते हुए बताया कि एक दल विशेष को वोट देने का तोहमत लगाकर बगल बस्ती का एक युवक गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगा। बीच बचाव को पहुंचे पिता बृजलाल व बड़े पिता मखोली को भी मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी विजय कुमार सरोज ने बताया कि चुनावी रंजिश के चलते मारपीट की गई है। जांच के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। दलित बस्ती के लोगों ने बताया कि एक दल को वोट देने से खार खाए कुछ लोग हमला करने की बार बार धमकी दे रहे हैं, जिससे दो पक्षों में तनातनी का माहौल है।

# अंतिम दिन धान खरीद न होने से किसानों में आक्रोश

**सोनभद्र।** अंतिम दिन धान की खरीददारी न होने से पीड़ित किसानों ने कलेक्ट्रेट जाकर अपना दुखड़ा अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह को सुनाया। सरकार ने धान खरीद की तिथि 28 फरवरी से बढ़ाकर 7 मार्च कर दिया था लेकिन चुनाव की वजह से आखिरी दिन खरीददारी न होने के कारण कुछ किसानों का धान रह गया। इस कारण किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मंगलवार की सुबह दर्जनों किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और अपर जिलाधिकारी से मिलकर अपनी पीड़ा सुनाई। किसानों ने बताया कि अंतिम दिन पोर्टल बंद होने से किसानों का धान खरीदा नहीं जा सका। क्रय केंद्रों पर मनमानी की वजह से किसान परेशान हुए। किसानों की समस्या सुनने के बाद एडीएम ने आश्वासन दिया कि 7 मार्च को चुनाव होने के कारण खरीददारी नहीं हो पाई और इस समय पोर्टल बंद हो गया है। इस कारण खरीदारी नहीं हो सकती। इधर चुनाव गणना को देखते हुए थोड़ी व्यस्तता है। 12 मार्च तक किसानों की समस्या का निदान करने का प्रयास करेंगे। आप लोग धैर्य बनाकर रखें, किसानों के साथ कोई भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जिस किसान का धान तौल हो गया है कहीं भी हो चाहे गोदाम पर हो या मिल पर हो खरीदा जाएगा। इस मौके पर ओबराडीह साधन समिति से धनवंत सिंह, रमेश कुशवाहा, धनंजय सिंह, अमरेश सिंह, पापी गोदाम से राम बहादुर सिंह, मोहन सिंह, सियाराम, चंद्रभूषण पांडे पूर्व उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ, कर्मा गोदाम के किसान मौजूद रहे। गौरतलब है कि धान खरीद को लेकर किसानों को शुरू से ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कभी क्रय केंद्र बंद होने के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ा तो कभी बोरी का संकट होने के कारण धान खरीद नहीं हो सकी।

# सपा नेत्री सहित अज्ञात कार्यकर्ताओं पर मुकदमा

**बीजपुर(सोनभद्र)।** रविवार की दोपहर एनटीपीसी परियोजना आवासीय परिसर का डोडहर गेट का ताला सपा नेत्री रुखसाना बेगम व उनके कार्यकर्ताओं ने हथौड़े से तोड़ दिया था। मंगलवार को इस मामले में एनटीपीसी रिहंद परियोजना के उप महाप्रबंधक जाकिर खान की तहरीर पर बीजपुर थाना पुलिस ने रूखसाना बेगम समेत अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विगत 3 साल से एनटीपीसी परियोजना आवासीय परिसर का डोडहर गेट कोविड सुरक्षा नियमों के कारण एनटीपीसी प्रबंधन ने बंद कर दिया था। एनटीपीसी प्रशासन का आरोप है कि चुनाव से ठीक एक दिन पहले सपा नेत्री ने हथौड़े से ताला तोड़ दिया था। एनटीपीसी रिहंद प्रबंधन की ओर से मामले की तहरीर मंगलवार को स्थानीय थाने में दे दी गई। तहरीर मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस ने लोक संपत्ति क्षति सहित अन्य धाराओं में सपा नेत्री रुखसाना बेगम व अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर जांच में जुट गई।

# कोहली के बारे में पूर्व साथी खिलाड़ी ने कहा, उन्हें लगता है जैसे 'मैं अकेला हूं और इस जगह का किंग हूं'

**नई दिल्ली।** पिछले एक दशक से ज्यादा समय से विराट कोहली टीम इंडिया का हिस्सा हैं और एक खिलाड़ी के रूप में वो इस टीम के लिए काफी अहम हैं। विराट कोहली अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को




नई ऊंचाई पर ले गए थे और एक बल्लेबाज के तौर पर उनकी उपलब्धियां कमाल की रही है। साल 2008 में भारत के लिए अंडर-19 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद इसी साल उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था और उसके बाद वो एक से बढ़कर एक कमाल करते जा रहे हैं। विराट कोहली लगभग 7 साल तक टीम इंडिया के कप्तान भी रहे और उनकी पहचान एक आक्रामक कप्तान के तौर पर रही। अब विराट कोहली के बारे में प्रदीप सांगवान ने कहा है कि आरसीबी को हमेशा से ये विश्वास था कि वो इस टीम के लिए मैच विजेता होंगे। प्रदीप सांगवान कोहली के साथ दिल्ली टीम के लिए खेले थे साथ ही वो जब भारतीय अंडर19 टीम के लिए खेलते थे तब भी प्रदीप उस टीम का हिस्सा थे। सांगवान ने कोहली के जोशीले व्यक्तित्व को याद किया और बताया कि वो ड्रेसिंग रूम में वो उस खिलाड़ी की तलाश में रहते थे जिस पर जोक क्रैक किया जा सके। सांगवान ने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि जब वो मैदान के अंदर होते हैं तो कभी हार नहीं मानते हैं। प्रदीप ने आगे कहा कि कोहली ऐसा महसूस करते हैं जैसे कि मैं ही हूं और मैंने अकेले ही करना है बस। मैं इस जगह का राजा हूं और मैं अपनी टीम के लिए यह मैच जीतूंगा। ड्रेसिंग रूम में वो ऐसे खिलाड़ी की तलाश करेंगे जिनके साथ वो मजाक कर सकें। वो कमेंट पास करके एक-एक करके डायलाग मारता रहेगा जिससे की वातावरण को हल्का रखा जा सके क्योंकि ड्रेसिंग रूम के अंदर कभी-कभी वातावरण काफी तनावभरा होता है। गुजरात टाइटंस के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि भारतीय अंडर19 टीम में हर कोई ये जानता था कि वो टीम के लिए बड़े शतक बनाने की क्षमता का कारण राष्ट्रीय टीम के लिए खेलेंगे।

# शेन वार्न ने स्पिन गेंदबाजी को नई परिभाषा और आक्रामकता दी : आर अश्विन

**बेंगलुरु।** शेन वार्न की मौत पर अभी भी भरोसा नहीं कर पा रहे भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि आस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर ने स्पिन गेंदबाजी को नए सिरे से परिभाषित करके आक्रामकता दी। वार्न का शुक्रवार को थाइलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। अश्विन ने कहा, 'वार्न दिलचस्प व्यक्ति थे। आस्ट्रेलिया के इतने महान खिलाडियों ने उनके बारे में अच्छी बातें की हैं। मैं अभी भी यह स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं कि जीवन कितना क्षणभंगुर है। कोई कयास नहीं लगा सकता कि आगे क्या होगा। उन्होंने गेंदबाजी को नए सिरे से परिभाषित किया और 1000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए। यह बहुत दुर्लभ उपलब्धि है वार्न ने इंग्लैंड के माइक गैटिंग को 'सदी की सर्वश्रेष्ठ गेंद' फेंकी थी, लेकिन वार्न की गेंद अश्विन की पसंदीदा नहीं है। उन्होंने कहा, 'वार्न ने क्रिकेट जगत में स्पिन गेंदबाजी को आक्रामक बनाया। हर कोई माइक गैटिंग को फेंकी उनकी गेंद की बात कर रहा है लेकिन मेरी पसंदीदा गेंद 2005 एशेज में एंड्रयू स्ट्रास को डाली उनकी गेंद थी। उस सीरीज में आस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने अकेले मोर्चा संभाला था। वह असाधारण व्यक्ति थे और अपने जीवन को भरपूर जिया। अश्विन ने कहा, 'मैं राहुल द्रविड़ से बात कर रहा था जो बहुत दुखी थे। एक स्पिनर के शरीर का ऊपरी हिस्सा और कंधे बहुत मजबूत होने चाहिए क्योंकि गेंद को स्पिन कराने के लिए कई रोटेशन लेने पड़ते थे। लेग स्पिनर के लिए तो यह और भी



जरूरी है। वार्न के कंधे बहुत मजबूत थे। लगता है कि राहुल भाई ने उनसे पूछा था कि उनके कंधे इतने मजबूत कैसे हैं। यह अनूठी कहानी है। आस्ट्रेलिया रूल्स फुटबाल एक खेल है जो रग्बी जैसा है। वह इसे खेलना चाहते थे, लेकिन उनकी कद काठी उसके लायक नहीं थी। इस खेल को खेलने वाले खिलाड़ी लंबे चौड़े होते हैं। बचपन में वार्न के पैर की दो हड्डियां टूट गई थीं जब दूसरा बच्चा ऊंचाई से उनके ऊपर कूद गया था। दोनों पैरों पर प्लास्टर होने से वह व्हीलचेयर पर शरीर के ऊपरी हिस्से से मूवमेंट करते थे जिससे उनके कंधे मजबूत हो गए। अश्विन ने कहा, 'वह चल नहीं पाते थे और बिस्तर पर थे। अपने हाथों का सहारा लेकर वह सरकते थे। इससे उनके कंधे मजबूत हुए। यही उन्होंने राहुल भाई को बताया। हम सभी के जीवन में चुनौतियां आती हैं, लेकिन वार्न ने सिखाया कि उसे सफलता की सीढ़ी कैसे बनाना है।'

# BCCI की वार्निंग के बाद हार्दिक पांड्या ने लिया यू टर्न, अब आइपीएल 2022 से पहले करेंगे यह काम

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या ने अपनी फिटनेस को लेकर एनसीए की सलाह को पहले नजरअंदाज कर दिया था, लेकिन अब उन्होंने भारतीय सेलेक्टर्स की सलाह पर ध्यान देने का फैसला किया है। भारतीय चयनकर्ताओं की तरफ से अब कड़ी चेतावनी मिलने के बाद अब हार्दिक पांड्या ने आइपीएल 2022 के शुरू होने से पहले एनसीए में दस दिवसीय फिटनेस शिविर में शामिल होने का फैसला किया है। बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि हार्दिक पांड्या एनसीए की कैंप में शामिल होंगे। हालांकि पहले हार्दिक पांड्या शिविर के लिए बुलाए गए खिलाडियों का हिस्सा नहीं थे क्योंकि उन्होंने हमें अपनी रिकवरी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं बताया था। अब चयनकर्ता चाहते हैं को हार्दिक पांड्या साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए दल में बने रहें क्योंकि उन्हें सूची में जोड़ा गया है। अब वो मंगलवार को एनसीए शिविर में शामिल होंगे। इससे पहले जब चयनकर्ताओं को पता चला था कि हार्दिक पांड्या ने एनसीए की सलाह पर गौर नहीं किया है तो वो उनके फैसले से खुश नहीं थे। हालांकि हार्दिक पांड्या ने मुंबई और अहमदाबाद में अपने रिहैब को जारी रखा था। चयन समिति के अध्यक्ष का फोन आने के बाद हार्दिक पांड्या ने अब इस संबंध में यू-टर्न लेने का फैसला किया है।हार्दिक अब पहले से चल रहे शिविर में भाग लेंगे और एनसीए के पास पीठ की चोट से उनकी प्रगति का आकलन करने का मौका होगा। अगर सब कुछ ठीक रहा और हार्दिक आइपीएल 2022 में शानदार वापसी करते हैं, तो उन्हें जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए बुलाया जा सकता है। आपको बता दें कि हार्दिक पांड्या को अहमदाबाद ने अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया है और वो 26 मार्च से शुरू हो रहे आइपीएल सीजन 15 में इस टीम को लीड करते हुए नजर आएंगे।

# पाकिस्तान की तरफ से लगे चार शतक, आस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रा रहा पहला टेस्ट मैच

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और आस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच रावलपिंडी में खेला गया और ये मुकाबला बिना किसी नतीजे के यानी ड्रा पर खत्म हुआ। इस मैच में दोनों टीमों की तरफ से अच्छी बल्लेबाजी हुई, लेकिन पाकिस्तान की तरफ से चार शतक लगे। आस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने अच्छी पारियां जरूर खेली, लेकिन कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया। हालांकि चार कंगारू बल्लेबाजों ने अर्धशतक जरूर लगाया। मेजबान टीम की तरफ से इमाम-उल-हक ने जहां दोनों पारियों में शतक लगाए तो वहीं अजहर अली ने पहली पारी में तो अबदुल्लाह शफीक ने दूसरी पारी में शतक लगाया। इस मैच की पहली पारी में पाकिस्तान ने 4 विकेट पर 476 रन बनाए और इस पारी में पाकिस्तान की तरफ से दो शतकीय पारी खेली गई। पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज इमाम-उल-हक ने 157 रन की पारी खेली जबकि तीसरे नंबर के बल्लेबाज अजहर अली ने 185 रन की शानदार पारी खेली और टीम के स्कोर को मजबूत बनाया। पहली पारी में कप्तान बाबर आजम ने 36 रन की पारी खेली जबकि मो. रिजवान के बल्ले से 29 रन निकले। पहली पारी में आस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन लियोन, मार्नस लाबूशाने और पैट कमिंस को एक-एक सफलता मिली। आस्ट्रेलिया की पहली पारी की बात



करें तो इस टीम ने उस्मान ख्वाजा के 97 रन, डेविड वार्नर के 68 रन, मार्नस लाबूशाने के 90 रन जबकि स्टीव स्मिथ ने 78 रन बनाए। वहीं कैमरून ग्रीन ने 48 रन की पारी खेली और आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 459 रन बनाए। आस्ट्रेलिया पहली पारी में पाकिस्तान से 17 रन पीछे रहा। वहीं पाकिस्तान की तरफ से पहली पारी में नौमान अली ने 6 विकेट, शाहीन अफरीदी ने दो विकेट जबकि साजिद खान और नसीम शाह को एक-एक विकेट मिले। 17 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी में पाकिस्तान की टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए 252 रन बनाए और मैच ड्रा पर खत्म हुआ। से ओपनर बल्लेबाज अबदुल्लाह शफीक ने नाबाद 136 रन जबकि इमाम-उल-हक ने नाबाद 111 रन की पारी खेली।

# IPL 2022: एम एस धौनी की टीम के साथ खास वजह से जुड़ा यह युवा तेज गेंदबाज, लेकिन नहीं खेलेगा मैच

**नई दिल्ली।** आइपीएल 2022 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है और आयरलैंड के युवा तेज गेंदबाज जोश लिटिल इस सीजन के लिए इस टीम के साथ जुड़ गए हैं। सीएसके ने जोश को इस सीजन के लिए नेट गेंदबाज के रूप में चुना है।




क्रिकेट आयरलैंड ने अपने आधिकारिक ट्विटर पेज पर इसकी घोषणा की और कहा कि उम्मीद है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के लिए यह एक शानदार अनुभव होगा। फैसला किया है। भारतीय चयनकर्ताओं की तरफ से अब कड़ी चेतावनी मिलने के बाद अब हार्दिक पांड्या ने आइपीएल 2022 के शुरू होने से पहले एनसीए में दस दिवसीय फिटनेस शिविर में शामिल होने का फैसला किया है। बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि हार्दिक पांड्या एनसीए की कैंप में शामिल होंगे। हालांकि पहले हार्दिक पांड्या शिविर के लिए बुलाए गए खिलाडियों का हिस्सा नहीं थे क्योंकि उन्होंने हमें अपनी रिकवरी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं बताया था।आपको बता दें कि आइपीएल 2022 में सीएसके की टीम अपने अभियान का आगाज 26 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करेगी। 22 साल के जोश लिटिल ने सितंबर 2016 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था तब से वो अपने देश की टी20 टीम का अहम हिस्सा हैं। जोश लिटिल में अच्छी गति के साथ गेंद को जल्दी स्विंग कराने की क्षमता है। डेथ ओवर्स में भी वो रन रोकने की क्षमता रखते हैं और ऐसा वो इंटरनेशनल क्रिकेट में कर चुके हैं। एम एस धौनी की कप्तानी वाली सीएसके टीम में कई शानदार बल्लेबाज हैं और आइपीएल के दौरान उन्हें नेट पर गेंदबाजी करके इस आयरिश गेंदबाज को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। जोश लिटिल के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने 31 टी20 इंटरनेशनल मुकाबलों में 34 विकेट लिए हैं और उनका इकोनामी रेट 7.49 का रहा है। सीएसके के साथ जुड़ने के बाद उन्हें और अनुभव मिलेगा और इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में वो अपनी टीम के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

# आर अश्विन बनना चाहते थे टीम इंडिया के अगले 'कपिल देव' और इसके लिए करते थे यह खास काम

**बेंगलुरु।** आर अश्विन एक बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं और उन्होंने इस बात को अपनी गेंदबाजी के जरिए साबित भी किया है। श्रीलंका के खिलाफ मोहाली टेस्ट मैच के दौरान सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है । 28 साल पहले मैं अपने दा के साथ कपिल पाजी के लिए तालियां बजा



आर अश्विन ने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का टेस्ट रिकार्ड तोड़ दिया। अब आर अश्विन टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में दूसरे नंबर पर आ गए जहां पर पहले कपिल देव थे। कपिल देव ने टेस्ट क्रिकेट में 434 विकेट लिए थे, लेकिन आर अश्विन ने इस आंकड़े को पार कर लिया। कपिल देव के रिकार्ड को तोड़ने वाले आर अश्विन ने बताया कि बचपन में वो एक बल्लेबाज बनना चाहते थे और अगला कपिल देव बनने से लिए मध्यम तेज गति से गेंदबाजी भी करते थे। 35 वर्ष के आर अश्विन ने कपिल देव के 434 टेस्ट विकेट को अपने 85वें टेस्ट में पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में अनिल कुंबले के बाद भारत के रहा था जब उन्होंने रिचर्ड हैडली का रिकार्ड तोड़ा था। उन्होंने कहा कि मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनसे ज्यादा विकेट लूंगा क्योंकि मैं बल्लेबाज बनना चाहता था, खासकर आठ वर्ष की उम्र में जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि 1994 में बल्लेबाजी मेरा शौक था। सचिन तेंदुलकर उभरते सितारे थे और कपिल देव खुद शानदार बल्लेबाज थे। आर अश्विन ने कहा कि अपने पिता की सलाह पर मैं मध्यम तेज गेंदबाजी करता था ताकि अगला कपिल पाजी बन सकूं। वहां से आफ स्पिनर बनना और इतने साल तक भारत के लिए खेलना ऐसा मैंने कभी सोचा भी नहीं था।

# BCCI की वार्निंग के बाद हार्दिक पांड्या ने लिया यू-टर्न, अब आइपीएल 2022 से पहले करेंगे यह काम

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या ने अपनी फिटनेस को लेकर एनसीए की सलाह को पहले नजरअंदाज कर दिया था, लेकिन अब उन्होंने




भारतीय सेलेक्टर्स की सलाह पर ध्यान देने का फैसला किया है। भारतीय चयनकर्ताओं की तरफ से अब कड़ी चेतावनी मिलने के बाद अब हार्दिक पांड्या ने आइपीएल 2022 के शुरू होने से पहले एनसीए में दस दिवसीय फिटनेस शिविर में शामिल होने का फैसला किया है। बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने इनसाइड स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि हार्दिक पांड्या एनसीए की कैंप में शामिल होंगे। हालांकि पहले हार्दिक पांड्या शिविर के लिए बुलाए गए खिलाडियों का हिस्सा नहीं थे क्योंकि उन्होंने हमें अपनी रिकवरी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं बताया था। अब चयनकर्ता चाहते हैं को हार्दिक पांड्या साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए दल में बने रहें क्योंकि उन्हें सूची में जोड़ा गया है। अब वो मंगलवार को एनसीए शिविर में शामिल होंगे। इससे पहले जब चयनकर्ताओं को पता चला था कि हार्दिक पांड्या ने एनसीए की सलाह पर गौर नहीं किया है तो वो उनके फैसले से खुश नहीं थे। हालांकि हार्दिक पांड्या ने मुंबई और अहमदाबाद में अपने रिहैब को जारी रखा था। चयन समिति के अध्यक्ष का फोन आने के बाद हार्दिक पांड्या ने अब इस संबंध में यू-टर्न लेने का फैसला किया है।हार्दिक अब पहले से चल रहे शिविर में भाग लेंगे और एनसीए के पास पीठ की चोट से उनकी प्रगति का आकलन करने का मौका होगा। अगर सब कुछ ठीक रहा और हार्दिक आइपीएल 2022 में शानदार वापसी करते हैं, तो उन्हें जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए बुलाया जा सकता है। आपको बता दें कि हार्दिक पांड्या को अहमदाबाद ने अपनी टीम का कप्तान नियुक्त किया है और वो 26 मार्च से शुरू हो रहे आइपीएल सीजन 15 में इस टीम को लीड करते हुए नजर आएंगे।

# शेन वार्न की मौत से पहले की सीसीटीवी फुटेज आई सामने, दो महिलाओं से करवा रहे थे मसाज

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेन वार्न का 4 मार्च को निधन हो गया और उनकी आटोप्सी रिपोर्ट से खुलासा हुआ की प्राकृतिक कारणों से ही उनकी मौत हुई थी। हालांकि अब उनकी मौत से कुछ देर पहले की कुछ सीसीटीवी फुटेस सामने आई हैं जिनसे कई बातों का खुलासा हो रहा है। दरअसल अपनी मौत से पहले शेन वार्न मसाज करने वाली महिलाओं से संपर्क में थे और और डेलीमेल के मुताबिक उन्होंने चार महिलाओं को मसाज करने के लिए बुलाया था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक शुक्रवार में दोपहर एक बजकर 53 मिनट पर चारों महिलाएं आती हैं और उनमें से दो तो शेन वार्न के कमरे में चली जाती है तो वहीं अन्य दो उनके दोस्तों के पास चली जाती हैं। इसके बाद वो सभी 2 बजकर 58 मिनट पर रिसार्ट से बाहर चली जाती हैं। इनके जाने के दो घंटे 17 मिनट के बाद यानी यानी शाम 5 बजकर 15 मिनट पर उन्हें अपने रिसार्ट में बेसुध पाया जाता है।

# राशिफल

**मेष-**:आज आप जोश से भरे रहेंगे और दूसरों को नेतृत्व प्रदान करने के इच्छुक रहेंगे. लंबी यात्रा के कारण आज आप थकान महसूस करेंगे, आराम करने से आपकी थकान दूर होगी।

**वृष-**:आज का दिन प्रसन्नता भरा रहेगा. आपको कई मौके मिलेंगे और वरिष्ठों का सहयोग भी आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार लाएगा।

**मिथुन-**:आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा. काम के सिलसिले में किसी दोस्त से मुलाकात होगी, यह मुलाकात आपके लिए फायदेमंद रहेगी। ऑफिस में काम का बोझ कम रहेगा।

**कर्क-**:आज आपका शांत और तनावमुक्त रहना काफी फायदेमंद साबित होगा। कोर्ट और कोर्ट का काम होगा। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**सिंह-**:इस माह व्यावसायिक यात्राएं अधिक हो सकती हैं। आपको अपने वरिष्ठों और अधिकारियों से समर्थन, प्रशंसा और पुरस्कार प्राप्त होंगे। कार्यस्थल पर आपकी बात सुनी और देखी जा सकती है

**कन्या-**: आज का दिन लाभकारी रहने वाला है. कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। शाम के समय आप किसी मित्र के घर जा सकते हैं, तनाव मुक्त महसूस करेंगे।

**तुला-**:आज आपको अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होगी. बौद्धिक कार्य सफल होंगे। व्यापार में लाभ होगा। नए अवसर भी आएंगे। काम से लाभ भी है और आपकी मेहनत का भी इसमें योगदान है।

**वृश्चिक-**:व्यवसाय के मामले में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यक्षेत्र में आप ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवसाय में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बना सकते हैं।

**धनु-**:आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा. जीवनसाथी से कई दिनों से चल रहा मनमुटाव आज खत्म होगा, चेहरे पर मुस्कान बनी रहेगी। परिवार के साथ आपका दिन अच्छा बीतेगा

**मकर-**:आज का दिन आपके लिए बहुत फायदेमंद है. आपकी आमदनी में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। महिला मित्रों से विशेष लाभ मिलेगा।

**कुंभ-**:आज का दिन आप में से कुछ लोगों के लिए व्यस्तता भरा रहेगा। देरी और बाधाएं भी कई बार आपके लिए चिंता का कारण बन सकती हैं। धैर्य रखें क्योंकि समय उतना बुरा नहीं है

**मीन-**:आज का दिन अच्छा रहेगा. बड़ों से सोच-समझकर बात करें। व्यापार संबंधी परेशानियां किसी मित्र की मदद से दूर होंगी, राहत महसूस करेंगे।

## सम्पादकीय

### रुपे कार्ड और यूपीआइ को प्रोत्साहन देकर भारत ने स्वयं को उस स्थिति से बचा लिया जिससे इस समय रूस जूझ रहा है

बीते दिनों मास्को सहित रूस के कई शहरों में मेट्रो स्टेशनों से लेकर एटीएम कियोस्क जैसे सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की लंबी-लंबी कतारों की फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल थीं। भीड़ का एक बड़ा कारण यह था कि एपल, गूगल, वीजा, मास्टरकार्ड, अमेरिकन एक्सप्रेस और पेपाल जैसी कंपनियों ने रूस में अपना परिचालन बंद कर दिया था। यूक्रेन पर रूसी हमले के विरोध में लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण इन कंपनियों ने यह कदम उठाया था। लोग मेट्रो जैसी सेवाओं के लिए आनलाइन भुगतान के अभ्यस्त हो गए थे, लेकिन एकाएक लगे इस प्रतिबंध ने उन्हें नकदी का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया। इसी कारण मेट्रो स्टेशनों पर लंबी कतार लग गईं। तमाम अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं के भुगतान के लिए बढ़ी नकदी की जरूरत से एटीएम कियोस्क के बाहर भी लोग कतारबद्ध दिखे। इसमें कोई संदेह नहीं कि भुगतान नेटवर्क से जुड़ी पश्चिमी कंपनियों ने अपनी इन सेवाओं को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रूस में वित्तीय लेनदेन पर आघात किया है। इस परिदृश्य ने एक नई बहस छेड़ दी है कि पश्चिमी संस्थाओं पर पूरी तरह निर्भरता अपनी वित्तीय संप्रभुता के लिए कितनी घातक ह यदि भारत के समक्ष ऐसी स्थितियां उत्पन्न हुई तो उस स्थिति में क्या होगा शुक्र है कि भारत के संदर्भ में इसका जवाब वैसा नहीं होगा जैसा रूस के मामले में देखने को मिला। इसका श्रेय जाता है भारत सरकार की दूरदर्शी नीतियों को, जिसने समय से रुपे कार्ड और यूपीआइ जैसी भुगतान प्रणालियों को न केवल अपनाया, बल्कि उन्हें आवश्यक प्रोत्साहन भी प्रदान किया। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम यानी एनपीसीआइ की यह दोहरी पेशकश ऐसे किसी भी संकट में भारत के लिए वरदान सिद्ध होगी। वास्तव में पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी वित्तीय भुगतान से जुड़ा ढांचा किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। कतिपय कारणों से भारत पारंपरिक रूप से नकदी प्रधान अर्थव्यवस्था रहा। इसमें नकदी के विकल्प रूप में अपनाई जाने वाली प्रणाली के उपयोग में एक निश्चित लागत सबसे बड़ी बाधा रही। जैसे वीजा या मास्टरकार्ड से होने वाले कार्ड भुगतान पर कुछ प्रतिशत राशि इन कंपनियों की झोली में जाती है। यह पहलू भुगतान प्रणाली के डिजिटलीकरण की राह में एक बड़ी बाधा बना रहा। मोदी सरकार ने इस अवरोध को चिन्हित कर रुपे के तौर पर एक शुल्क मुक्त पहल की। इसका असर भी दिखा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 तक देसी डेबिट कार्ड बाजार में रुपे कार्ड की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत तक पहुंच गई, जबकि 2017 में यह 15 प्रतिशत ही थी। इस बढ़ोतरी में एक निर्णायक पहलू प्रधानमंत्री जन धन योजना का भी रहा, जिसके अंतर्गत खाताधारकों को रुपे कार्ड ही जारी किए जाते हैं। हालांकि क्रेडिट कार्ड के मोर्चे पर रुपे का वैसा दबदबा नहीं, लेकिन जानकारों का यही मानना है कि समय के साथ इसमें और तेजी आना तय है। कुछ समय पहले बैंकिंग नियामक रिजर्व बैंक ने नियमन संबंधी अर्हताओं को लेकर मास्टरकार्ड पर नए कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, उस दौरान रुपे क्रेडिट कार्ड के बाजार में खासा विस्तार देखने को मिला था। यही कारण है कि वीजा और मास्टरकार्ड जैसी कंपनियां अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान में रुपे के खिलाफ लाबिंग करने में लगी हैं कि प्रधानमंत्री मोदी 'वित्तीय राष्ट्रवाद की आड़ में उनके हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उनकी यह खीझ स्वाभाविक है, क्योंकि वित्तीय लेनदेन पर उन्हें जो दो-तीन प्रतिशत कमीशन मिलता रहा, उस पर उन्हें खतरा मंडराता दिख रहा है। स्पष्ट है कि भारतीय वित्तीय प्रणाली में रुपे की निरंतर पैठ बढे से न केवल वित्तीय आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त हो रहा है, बल्कि इससे हर साल हजारों करोड़ रुपये की बचत भी हो रही है। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआइ आत्मनिर्भर भुगतान प्रणाली से जुड़ी भारत सफलता गाथा का दूसरा अध्याय है।

# रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से शरणार्थियों का संकट पैदा होने की आशंका

बीच जारी युद्ध के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (एनएचसीआर) के ताजा आंकड़ों के अनुसार हवाई एवं मिसाइल हमलों से बचने के लिए 15 लाख से ज्यादा नागरिक यूक्रेन से पलायन कर चुके हैं। देश छोडने वाले लोगों का यह आंकड़ा यूक्रेन की कुल आबादी के तीन प्रतिशत से अधिक है। ये लोग रोमानिया, पोलैंड, मोल्डोवा, स्लोवाकिया, हंगरी और बेलारूस में शरण ले रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा लगभग सात लाख लोग पोलैंड की शरण में हैं। कुछ लोग निकटवर्ती रूस के सीमा क्षेत्र में भी चले गए हैं। सबसे कम शरणार्थी बेलारूस पहुंच रहे हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि बेलारूस रूस का सहयोगी देश है। भारत समेत अनेक देशों के जो नागरिक रोजगार या शिक्षा के लिए यूक्रेन गए थे, वे भी लौट रहे हैं। भारत ने युद्धस्तर पर अभियान चलाकर 20 हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने में कामयाबी हासिल की है। युद्ध समाप्ति के बाद इन लोगों की आगे की राह मुश्किल दिख रही है, क्योंकि जिस तरह से यूक्रेन को बर्बाद किया जा रहा है, उसके चलते नहीं लगता कि इस देश में जल्द ही सभी व्यवस्थाएं पटरी पर आ सकती हैं। इस बीच एनएचसीआर ने आशंका जताई है कि यदि हालात और बिगड़ते हैं तो 40 लाख से भी ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। युद्ध शरणार्थियों का इससे पहले 2011 में सीरिया में छिड़े गृहयुद्ध के चलते बड़ी संख्या में पलायन शुरू हुआ था, जो 2018 तक जारी रहा। इस दौर में अमेरिका ने अपने मित्र देशों ब्रिटेन और फ्रांस के साथ मिलकर सीरिया पर मिसाइल हमला किया था। सीरिया में मौजूद रासायनिक हथियारों के भंडारों को नष्ट करने के उद्देश्य से अमेरिका ने ऐसा किया था। इसमें रासायनिक हथियारों के भंडार और वैज्ञानिक शोध केंद्रों को निशाना बनाया गया था। इन हमलों में कितनी जनहानि हुई थी, यह तो आज तक नहीं पता चल सका है, लेकिन सीरिया ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। वहीं रूस, चीन और ईरान ने कड़ा विरोध जताया। इनका कहना था कि पहले रासायनिक हथियार रखने और उनका इस्तेमाल किए जाने से संबंधित तथ्यों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए थी अमेरिका ने ईराक पर भी जैविक एवं रासायनिक हथियारों की उपलब्धता संबंधी आशंका के चलते हमला बोला था। ये शरणार्थी जिन देशों में रह रहे हैं, उनमें भी अपनी इस्लामिक कट्टरता के चलते संकट का सबब बने हुए हैं। जर्मनी ने सबसे ज्यादा विस्थापितों को शरण दी थी। अब यही जर्मनी इनके धार्मिक कट्टर उन्माद के चलते रोजाना नई-नई परेशानियों से रूबरू हो रहा है। दरअसल सात अप्रैल 2018 को 70 नागरिकों की रासायनिक हमले से मौत के बाद तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जवाबी कार्रवाई करने का बीड़ा उठाया था। अपनी सनक के चलते उन्होंने इसे अंजाम तक पहुंचा दिया था। इस मामले में तब रूस के एक प्रमुख नेता ने यह कहा भी था कि यह कार्रवाई अमेरिका



की ओर से जबरन हस्तक्षेप के रूप में है। परंतु आज यूक्रेन के मामले में रूस जिस प्रकार से कार्रवाई कर रहा है, उसे भी अमेरिका का समर्थन नहीं प्राप्त है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी की वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार दो दशक पहले की तुलना में विस्थापन का संकट दोगुना बढ़ गया है। वर्ष 2019 तक आंतरिक रूप से विस्थापितों की संख्या 4.13 करोड़ थी। इनमें से 1.36 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिन्हें 2018 में ही विस्थापन का दंश झेलना पड़ा था। यह सही है कि विकसित या पूंजीपति देश अपने वर्चस्व के लिए युद्ध के हालात पैदा करते हैं, जैसा कि हम यूक्रेन के परिप्रेक्ष्य में अमेरिका और रूस के वर्चस्व की लड़ाई देख रहे हैं। ये वही देश हैं, जिन्होंने 1993 तक तीसरी परमाणु शक्ति रहे देश यूक्रेन को 1994 में बुडापेस्ट परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर कराकर उसके सभी परमाणु हथियार समुद्र में नष्ट करा दिए थे। अमेरिका और ब्रिटेन ने यूक्रेन को इस समझौते के लिए राजी किया था और इन्हीं देशों के साथ रूस ने भी सहमति जताते हुए यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी ली थी। लेकिन अब रूस ने सीधा यूक्रेन पर हमला बोल दिया और अमेरिका व ब्रिटेन दूर खड़े रहकर न केवल तमाशा देख रहे हैं, बल्कि उसे उकसाकर पूरी तरह बर्बादी के कगार पर पहुंचाने का काम भी कर रहे हैं। यदि यूक्रेन ने अपने परमाणु हथियार नष्ट न किए होते तो उसे शायद युद्ध से पैदा होने वाली इस बर्बादी का सामना न करना पड़ता और न ही उसके 15 लाख से भी ज्यादा नागरिकों को विस्थापन का संकट झेलने को मजबूर होना पड़ता। यही वे अमीर देश हैं, जो सबसे ज्यादा युद्ध व पर्यावरण शरणार्थियों को शरण देते हैं। वर्ष 2015 में सीरिया में जो हिंसा भड़की थी, उससे बचने के लिए लाखों लोगों ने जान जोखिम में डालकर भूमध्य सागर को महिलाओं व बच्चों के साथ पार किया और ग्रीस एवं इटली में शरण ली थी। इन दोनों देशों ने तब कहा था कि समय के मारे शरणार्थियों को आश्रय देने की नीति बनाना आवश्यक है। वेनेजुएला में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के चलते 40 लाख से ज्यादा लोगों ने पलायन किया है। इनमें से बमुश्किल पांच लाख लोगों को ही औपचारिक रूप से शरणार्थी होने का दर्जा प्राप्त है। युद्ध एवं गृहयुद्ध के हालात के चलते सबसे ज्यादा सीरिया के 67 लाख, अफगानिस्तान के 27 लाख, दक्षिण सूडान के 23 लाख, म्यांमार के 11 लाख और सोमालिया के नौ लाख लोग शरणार्थियों के रूप में विभिन्न विकसित देशों के सीमांत इलाकों में शरण लिए हुए हैं। भारत में बांग्लादेश और म्यांमार के गृहयुद्ध से पलायन करके करीब चार करोड़ लोग घुसपैठ करते हुए यहां रह रहे हैं। भारत इनकी धार्मिक कट्टरता का संकट भी झेल रहा है। स्थानीय संपदा पर वर्चस्व जमाने के चलते मूल भारतीय नागरिक और इनके बीच खूनी संघर्ष भी देखने में आते हैं। यदि अपने ही देश की बात करें तो यहां कश्मीर में आतंकवाद के चलते पिछले तीन दशकों में पांच लाख हिंदू विस्थापित हुए हैं। विडंबना यह कि एक लंबा अरसा बीतने के बावजूद इनका पुनर्वास नहीं हो पाया है। तय है, रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद यूक्रेन को भी भीतरी और बाहरी विस्थापित शरणार्थियों की समस्या का सामना करना पड़ेगा।

## भारत में एक नई पहल हैदराबाद में देश का पहला पूर्ण महिला-स्वामित्व वाला FLO औद्योगिक पार्क खोला गया

**हैदराबाद।** भारत में एक नई पहल की शुरुआत की गई है। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश का पहला पूर्ण महिला-स्वामित्व वाला औद्योगिक पार्क खोला गया। तेलंगाना सरकार के साथ साझेदारी में, फिक्की महिला संगठन (एफएलओ) द्वारा शुरु किए गए, पार्क में 25 महिला यूनिट्स हैं, जो 16 विविध ग्रीन श्रेणी के उद्योगों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिसमें महिलाओं का स्वामित्व है। हैदराबाद में 50 एकड़ का एफएलओ औद्योगिक पार्क 250 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित किया गया था, यह देश का प्रमुख परियोजना है आज इसकी पहली बार भारत में शुरुआत की गई है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर अध्याय सदस्यों और एफएलओ के राष्ट्रीय सदस्यों की भागीदारी है। बता दें कि इस पार्क ने पहले से ही महिला उद्यमियों ने अपना व्यवसाय चलाने और उसे संचालित करने के लिए जबरदस्त रुचि बना ली है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को पार्क का उद्घाटन करते उद्योग एवं आईटी मंत्री के टी रामाराव ने ऐसी ढेरों परियोजनाओं और अवसरों के शुरुआत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार अतिरिक्त भूमि पार्सल देगी बशर्ते महिला उद्यमी बड़ा सोचें और भविष्य के क्षेत्रों जैसे कि रक्षा, एयरोस्पेस, खादय प्रसंस्करण और उभरती प्रौद्योगिकियों में अवसरों पर ध्यान देना शुरु करें। महिला दिवस के मौके पर उन्होंने एफएलओ महिलाओं के विस्तार के लिए और 100 एकड़ जमीन देने का वादा किया है।

# यूक्रेन में तबाही के लिए रूस के साथ अमेरिका और उसके सहयोगी देश भी कम जिम्मेदार नहीं

युद्ध विनाश का कारण बनते हैं, लेकिन कभी-कभी वे अपरिहार्य हो जाते हैं। जैसे 1971 का बांग्लादेश युद्ध। यह याद रखें कि आज जो अमेरिका और ब्रिटेन यूक्रेन पर रूस के हमले पर भारत को अपने पक्ष में लाना चाहते हैं, उन्होंने 1971 में किस तरह पाकिस्तान की सैन्य सहायता करने की कोशिश की थी। इन दिनों अमेरिका एवं उसके साथी देश और इन देशों का अधिकांश मीडिया पुतिन को खलनायक साबित करने में जुटा है। निःसंदेह यूक्रेन पर रूस के हमले का समर्थन नहीं किया जा सकता। इस हमले ने यूक्रेन में तबाही मचाने के साथ विश्व शांति और विश्व अर्थव्यवस्था को गंभीर खतरे में डाल दिया है, लेकिन कल्पना करें कि यदि चीन कल को बांग्लादेश को अपने प्रभाव में लेकर वहां अपने सैन्य अड्डे बनाने लगे तो क्या यह भारत का स्वीकार होगा क्या चीन की ऐसी किसी पहल पर भारत को यह कहते हुए बांग्लादेश पर हमला कर देना चाहिए कि एक समय तो यह हमारा ही हिस्सा था इस कल्पना से बाहर निकल कर इस यथार्थ को देखें कि चीन गुलाम कश्मीर यानी हमारे भूभाग पर गलियारा बना रहा है। क्या इसके चलते पर भारत को वहां हमला कर देना चाहिए? इसमें संदेह नहीं कि यूक्रेन एक संप्रभु राष्ट्र है, लेकिन उसे रूस की सुरक्षा चिंताओं की अनदेखी नहीं करनी चाहिए थी। किसी भी देश की सुरक्षा केवल उसकी भौगोलिक स्थिति पर ही नहीं, बल्कि उस पूरे क्षेत्र पर निर्भर करती है। इसी कारण भारत श्रीलंका, मालदीव, नेपाल जैसे देशों को चीन के चंगुल से बचाने की कोशिश कर रहा है। क्या अतीत में इन देशों के चीन के पाले में जाने की कोशिश पर भारत यह कहकर कर्तव्य की इतिश्री कर लेता कि ये संप्रभु देश हैं और यदि ये चीन की गोद में बैठना चाहते हैं तो उनकी मर्जी रूस लगातार इसका विरोध कर रहा था कि यूक्रेन को अमेरिकी नेतृत्व वाले सैन्य संगठन नाटो का हिस्सा नहीं बनना चाहिए, लेकिन अमेरिका उसे इस सैन्य समूह का हिस्सा बनाने के लिए आमादा था। नाटो का गठन सोवियत संघ के जमाने में साम्यवाद के विस्तार को रोकने के लिए किया गया था। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद जब उसके नेतृत्व वाले वारसा पैक्ट का भी अस्तित्व खत्म हो गया, तब यदि नाटो



अपनी दुकान नहीं समेटता तो भी कम से कम उसका विस्तार तो रोक ही देता। उसने रूस की आपत्तियों के बाद भी अपना विस्तार जारी रखा। अमेरिका और यूरोपीय देश सोवियत संघ एवं वारसा पैक्ट का हिस्सा रहे देशों को भी नाटो के दायरे में ले आए। जब वे यूक्रेन को भी नाटो का हिस्सा बनाने की दिशा में आगे बढ़े तो रूस ने उन्हें आगाह किया। अमेरिका और यूरोपीय देश इसके बाद भी यह समझने को तैयार नहीं हुए कि यूक्रेन को नाटो का हिस्सा बनाने की कोशिश रूस को भड़काने वाली कार्रवाई होगी। रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझने के बजाय अमेरिका और यूरोपीय देश यूक्रेन को न केवल सैन्य मदद देने लगे, बल्कि उसकी सेनाओं के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास करने लगे। ऐसे दो सैन्याभ्यास पिछले साल जून और सितंबर में हुए। शायद इसी के बाद पुतिन इस नतीजे पर पहुंचे कि पानी सिर से ऊपर गुजरने लगा है। उन्होंने यूक्रेन पर हमला कर दिया। उन्हें लेने के देने पड़ सकते हैं, क्योंकि यूक्रेन के लोग अपने देश को बचाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। फिलहाल यूक्रेन तबाह हो रहा है, पर अमेरिका-यूरोपीय देश शांति की कोई ठोस पहल करने के बजाय उसे हथियारों से लैस कर रहे हैं। इससे बात बनने के बजाय बिगड़ रही है। लगता है अमेरिका-यूरोप को अपनी हथियार निर्माता कंपनियों के हितों की चिंता अधिक है। अमेरिका ने पुतिन को तानाशाह करार दिया है, लेकिन यह वही अमेरिका है जिसका एक समय दुनिया भर के तानाशाहों से याराना था-चाहे वे पाकिस्तान के जनरल जिया हों या इराक के सद्दाम हुसैन अथवा लीबिया के गद्दाफी। जब सद्दाम अमेरिकी हितों की पूर्ति में बाधक बनने लगे तो अमेरिका और उसके साथ ही पश्चिमी मीडिया को इराक में जनसंहारक हथियारों का जखीरा 'दिख' गया। इसके बाद उस पर हमला कर उसे तबाह कर दिया गया। इस तबाही से ही खूंखार आतंकी संगठन आइएस यानी इस्लामिक स्टेट जन्मा, जिसने सीरिया में भी अपनी जड़ें जमाईं। इसी समय अमेरिका को लगा कि सीरिया में बशर अल असद के बजाय उसके हिसाब से चलने वाला शासक होना चाहिए। यह कुछ वैसी ही चाहत थी, जैसी आज रूस यूक्रेन के मामले में दिखा रहा है। अमेरिका ने असद को सत्ता से बाहर करने के लिए वहां भी सैन्य हस्तक्षेप किया। इससे आइएस को मदद मिली। यह संगठन इराक में भले ही पस्त हो गया हो, लेकिन उसके आतंकी न जाने कितने देशों में फैल गए हैं। एक समय ट्रंप ने कहा था कि आइएस के संस्थापक तो बराक ओबामा हैं। बड़बोले ट्रंप किसी को कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन 2009 के नोबेल पुरस्कार विजेता ओबामा ने अकेले 2016 में इराक, सीरिया, लीबिया, सोमालिया, यमन में हमले कर 24 हजार से अधिक बम बरसाए। ये आंकड़े ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' के हैं। इन देशों में हमलों के दौरान अमेरिका का साथ अन्य नाटो देश भी दे रहे थे। जब यह सब हो रहा था तब पश्चिमी मीडिया यह कह रहा था कि इन देशों को तानाशाहों से मुक्त कर वहां लोकतंत्र का प्रसार करने की पहल की जा रही है। आज इन देशों की हालत किसी से छिपी नहीं। निःसंदेह इसका यह मतलब नहीं कि जो गलत काम अमेरिका ने किए, वही रूस भी करे, लेकिन यह समझा जाना चाहिए कि इस युद्ध का कोई एक खलनायक नहीं।

# जानें- रूस और यूक्रेन की लड़ाई में पश्चिमी देशों पर किस बात का दबाव बना रहा है अमेरिका सफल होने पर क्या पड़ेगा प्रभाव

रूस और यूक्रेन की जंग में अमेरिका का मकसद अब रूस को किसी तरह से सबक सिखाने का रह गया है। इसके लिए वो लगातार पश्चिमी देशों पर इस बात को लेकर दबाव बना रहा है कि वो रूस से आने वाले तेल को बैन कर दें। ऐसा करने पर रूस को आर्थिक चपत लग सकती है। इस जंग की वजह से यूक्रेन में फंसे लोगों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रूस ने अमेरिका के इस बयान पर धमकी दी है कि यदि ऐसा किया गया तो वो यूरोप खासतौर पर जर्मनी को होने वाली गैस की सप्लाई को रोक देगा। आपको बता दें कि रूस ने जर्मनी और यूरोप तक अपनी गैस सप्लाई के लिए नार्ड स्ट्रीम 2 नाम से एक नई पाइपलाइन बिछाई है। इस पर रूस ने अरबों डालर का खर्च किया है। अमेरिकी दबाव के बाद जर्मनी ने इस पाइपलाइन को फिलहाल रोकने को फैसला लिया है। रूस ने अपने बयान में न सिर्फ अमेरिका को बल्कि जर्मनी को भी सीधेतौर पर धमकी दी है। गौरतलब है कि यूरोप की पूरी गैस की खपत को पूरा करने में रूस की हिस्सेदारी करीब 40 फीसद है। रूस के डिप्टी पीएम एलेक्जेंडर नोवाक ने साफ कहा है कि यदि यूरोप इस तरह का कोई भी फैसला लेता है तो उनके पास भी अपना फैसला लेने को पूरा अधिकार है। रूस भी इस तरह का फैसला लेते हुए यूरोप को नार्ड



स्ट्रीम 1 से होने वाली गैस की सप्लाई को रोक देगा। नोवाक ने अपने बयान में यहां तक कहा है कि यदि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस के आयल इंपोर्ट को रोकने काफैसला लिया तो क्रूड आयल के दाम 300 डालर प्रति बैरल से बढ़कर सीधे डबल हो जाएंगे। आपको यहां पर ये भी बता दें कि यूक्रेन से छिड़ी जंग के बाद अमेरिका समेत कई दूसरे देशों ने विदेशों में मौजूद रूस की संपत्तियों को फ्रीज करने का फैसला लिया है। इससे रूस को आर्थिक तौर पर काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में यदि रूस के आयल इंपोर्ट पर बैन लगा दिया गया तो उसकी अर्थव्यवस्था की कमर टूट जाएगी। मौजूदा समय में रूस की कमाई को यही एक बड़ा जरिया है। बैंक आफ अमेरिका के विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि अमेरिका और यूरोपीय देश रूस के आयल इंपोर्ट को बैन करते हैं तो विश्व की आयल मार्किट में हर रोज करीब 5 मिलीयन बैरल से भी अधिक की कमी हो सकती है। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते विश्व बाजार में तेल की कीमतें 200 डालर प्रति बैरल तक बढ़ जाएंगी। मंगलवार 8 मार्च को ही तेल की कीमतें विश्व बाजार में करीब 14 वर्ष के सबसे उच्चतम स्तर पर हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस बारे में फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के नेताओं से वीडियो कांफ्रेस से बात की है। इसमें उन्होंने रूस से आयल इंपोर्ट पर बैन लगाने को अपना पूरा समर्थन दिया है। यहां पर ये भी बताना जरूरी है कि यूरोप के कई देश अपनी ऊर्जा खपत को पूरा करने के लिए पूरी तरह से रूस पर ही निर्भर हैं। रूस ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप पर सबसे बड़ा हमला किया है। इस युद्ध की वजह से करीब 17 लाख रिफ्यूजी पैदा हो गए हैं। इस युद्ध की वजह से वहां रह रहे हजारों विदेशी छात्रों की जिंदगी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसमें भारत पाकिस्तान के छात्र भी फंसे हैं। रूस के रवैये को देखते हुए इनकी तादाद और भी बढ़ सकती है। इस लड़ाई के बाद जापान ने भी रूस और बेलारूस से जुड़े करीब 32 अधिकारियों की संपत्ति को सीज करने का फैसला लिया है। इनमें इन दोनों देशों की कंपनियों के एग्जीक्यूटिव भी शामिल हैं और इनके रूस की सरकार से बेहद करीबी संबंध हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के बेटे आदित्य ठाकरे और मंत्री अनिल परब के करीबियों पर आयकर के छापे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के दो वरिष्ठ मंत्रियों आदित्य ठाकरे एवं अनिल परब के करीबियों पर मंगलवार सुबह से आयकर विभाग छापे की कार्रवाई कर रहा है। ये कार्रवाइयां मुंबई और पुणे में चल रही हैं। इन कार्रवाइयों को लेकर शिवसेना नेता संजय राउत भाजपा पर विफरते नजर आए। आयकर विभाग ने आज मुंबई और पुणे में करीब 20 स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। कर चोरी के मामले में जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वे व्यवसायी सदानंद कदम, पर्यटन मंत्री आदित्य ठाकरे के करीबी राहुल कनाल एवं परिवहन विभाग के एक अधिकारी बजरंग खरमाटे से संबंधित हैं। खरमाटे परिवहन मंत्री अनिल परब के करीबी बताए जाते हैं। पिछले वर्ष पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय भी खरमाटे एवं अनिल परब से पूछताछ कर चुका है। पिछले सप्ताह ही शिवसेना के एक नेता यशवंत जाधव के ठिकानों पर भी आयकर विभाग ने छापेमारी की थी। जाधव मुंबई महानगरपालिका की एक स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन हैं। आयकर विभाग को शक है कि जाधव एवं उनसे जुड़े कुछ ठेकेदारों ने करीब 200 करोड़ रुपयों की करचोरी की है। शिवसेना नेताओं एवं उनके करीबियों पर पड़ रहे छापों से तिलमिलाए शिवसेना नेता संजय राऊत ने कहा है कि भाजपा प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर रही है। इस विभाग का इस्तेमाल अवैध वसूली के लिए किया जा रहा है। राऊत ने उत्तर प्रदेश में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े एक पूर्व ईडी अधिकारी का नाम लेते हुए कहा कि इस पूर्व अधिकारी ने भाजपा के करीब 50 प्रत्याशियों के चुनाव का खर्च उठाया है। शिवसेना नेताओं एवं उनके करीबियों पर पड़ रहे छापों से तिलमिलाए शिवसेना नेता संजय राऊत ने कहा है कि भाजपा प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल एटीएम की तरह कर रही है। इस विभाग का इस्तेमाल अवैध वसूली के लिए किया जा रहा है।

## समर्पण निधि अभियान के तहत भाजपा युवा मोर्चा शहडोल की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** होटल लेवल 1 शहडोल में भारतीय जनता युवा मोर्चा शहडोल द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं से समर्पण निधि संग्रह हेतु बैठक का आयोजन किया गया था । आयोजित समर्पण निधि अभियान कि जिला बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल प्रतापसिंह सम्मलित हुए। बैठक में मुख्य रूप से समर्पण निधि के संभाग प्रभारी एवं युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एवं समर्पण निधि अभियान के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व ब्योहारी विधानसभा प्रभारी अशीष गुप्ता एवं युवा मोर्चा ब्योहारी के अध्यक्ष शिवम केशरी जी ने सर्वप्रथम समर्पण कर प्रदेश उपाध्यक्ष जी से रसीद प्राप्त की इस अवसर पर जिला महामंत्री संतोष लोहानी ,जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता जी,नगर अध्यक्ष, सूर्यकांत मिश्रा, नीति एवं शोध प्रदेश सह प्रभारी सौरभ गोले, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रविन्द्र वर्मा, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय सिंह बघेल, अमन खरिया ,नितिन गुप्ता राहुल पटेल , सौरभ शुक्ला सहित सम्पूर्ण जिले के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष की उपस्थिति में सभी कार्यकर्ताओं द्वारा निधि समर्पित की गई ।



## कांग्रेस के साथ जनता लिखेगी मध्यप्रदेश के सुनहरे भविष्य की दास्तां- विनोद ताम्रकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह के आवाहन पर एवं संगठन प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ब्योहारी अध्यक्ष विनोद ताम्रकार के नेतृत्व में 28वें दिन सोमवार को ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के खामडाढ़ में घर चलो घर घर चलो अभियान चलाया गया एवं घर घर जाकर आम नागरिकों से संवाद कर भाजपा के भ्रष्टाचार महिला उत्पीडन बाल आपराध माफिया राज जैसे कई काले कारनामों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया एवं कांग्रेस पार्टी की रीति नीति को घर घर जाकर आम जनता से कांग्रेस पार्टी के जनहितैषी विचारों व आम जन मानस के न्याय की लड़ाई लड़ने के कार्य को जन जन तक पहुंचाया गया जहां एक ओर आम जनता भीषण महंगाई की मार झेल रही है वहीं दूसरी तरफ युवा बेरोजगारी से भटक रहा है किसान हताश हैं व्यापारी बदहाल है भाजपा राज में हर वर्ग हर तपका पीडित हैं और भाजपा के कुशासन से मुक्ति चाहता है और आगामी चुनाव में भाजपा के कुशासन को जड़ से उखाड़ फेंकने का कार्य मध्यप्रदेश की जनता करने वाली है अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा चालाए जा रहे सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु घर घर जाकर आमजन मानस को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़कर सदस्यता दिलाई गई व कमलनाथ के आदेशानुसार हर बूथ पर एक महिला व एक पुरूष को डिजिटल सदस्यता दिलाई गई व कमलनाथ द्वारा जारी पम्पलेट का वितरण किया गया अभियान के दौरान मुख्य रूप से यह रहें उपस्थित संगठन महामंत्री हरिशंकर कोरी चमनलाल खैरवार असरफ खान आईटीसेल कांग्रेस अध्यक्ष आयुष ताम्रकार बिहारी लाल पंकज कुशवाहा सुषमा खैरवार मुन्नी बाई अनारकली सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व आम जन मानस उपस्थित रहे



## महिला दिवस पर सरस मेले में महिलाओं ने की जमकर खरीदारी असम के बांस के उत्पाद तथा मध्य प्रदेश की साड़ियां बनी पसंद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** सेक्टर 33 नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेले में मंगलवार को महिला दिवस पर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेले में सुबह से ही महिलाओं के समूह के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो रात तक निरंतर जारी रहा। असम के बांस के बने उत्पाद एवं मध्य प्रदेश की साड़ियां सूट तथा दुपट्टे महिलाओं की खास पसंद बने रहे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के अधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सभी स्वयं सहायता समूह से संपर्क किया। मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न समूहों ने मेला प्रांगण में पहुंची महिलाओं ने यहां जमकर खरीदारी की। असम बजाली जिले के नवनीता स्वयं सहायता समूह ने स्टॉल लगाया है। जिस का संचालन पंपी तालुकदार करती हैं। इनके सभी उत्पाद बांस द्वारा हाथों से बनाए गए हैं। इनमें कप, दलिया, ट्रे तथा होम डेकोरेशन आइटम की जमकर खरीदारी हो रही है। वही बंबू गोवर्धन देव ब्लॉक से अमीना खातून, जेवती स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। इनके उत्पादों मैं असम सिल्क साड़ी असम में खिला साड़ी तथा मेखला चादर शामिल है। मध्य प्रदेश के रायसेन की रुखसाना का सहेली एकता स्वयं सहायता समूह है। इनके उत्पाद में साड़ी सूट दुपट्टे तथा फैब्रिक शामिल है। पन की रितु अहिरवार के चंडी माता स्वयं सहायता समूह के उत्पादों में साड़ी सूट दुपट्टे शामिल है। सतना जिले से अम्बे स्वयं सहायता समूह का संचालन प्रीति सेन करती है। इनके उत्पादों में कपड़े की सिलाई से प्लाजो तथा फ्रॉक शामिल है। अनूपपुर जिले की रीता गोंदी चित्रकला स्वयं सहायता समूह चलती है। इनके उत्पादों में वुडवर्क की ट्रे, कटोरी चम्मच तथा पेंटिंग शामिल है। छतरपुर जिले की सीमा आर्य का बाला देवी स्वयं सहायता समूह इनके उत्पादों में बेडशीट, चादर चावल तथा शॉल शामिल है। गुजरात के पंचगौ एवं गोबर प्रोडक्ट ने मचाई धूम सरस मेला में गुजरात के गोबर से बने प्रोडक्टों ने खासी धूम मचा रखी है। जूनागढ़ की भावना बेन के गोपी मंगलम नाथ स्वयं सहायता समूह के गोबर से निर्मित उत्पादों में गोबर गाड़ी, पैन स्टैंड, गुल्ला पेटी,दीपक गमला तथा गणपति जी शामिल है। वही पंचगव्य उत्पादों में दंत मंजन साबुन शैंपू हेयर ऑयल, तथा गैस चूर्ण उपलब्ध है। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेले में विशेष व्यवस्था की गई है। इसके लिए शोध अधिकारी सुधीर कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रामगोपाल तथा सुरेश प्रसाद ने अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आईएमएस में हुआ कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में समानता एवं समान अवसर की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमियों ने वोकल फॉर लोकल की थीम पर अपनी कला एवं कौशल को प्रदर्शित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्यो के लिए महिलाओं को सम्मानित भी किया गया आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को उनके सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा विगत दिनों में ऐसी कुछ प्रतिभाशाली महिलाएं रही है जिन्होंने लीक से हटकर मानवीय मूल्यों की गरिमा को बनाए रखा। आज हम इस विशेष दिन पर अपने उस साथी को सम्मानित कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। वहीं आज कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमियों ने हस्तशिल्प, भारतीय कला आभूषण, साज-सज्ज एवं खान पान को प्रदर्शित कर अपनी प्रतिभा से अवगत कराया।वहीं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित आज के कार्यक्रम में समनता एवं समावेश विषय पर पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें महिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा की गई। संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समनता एवं समावेश विषय पर ध्यान आकर्षित किया गया। आज के कार्यक्रम में सामाजिक कार्यो के लिए उड़ते पंख संगीत द मीत एवं दिल एंड मिल को सम्मानित किया गया। वहीं आईएमएस की छात्रा सुयोगिता सूर्यवंशी एवं कृतिका चौधरी को उनके सफल स्टार्टअप के लिए सम्मान मिला। वहीं उत्कृष्ट कार्यो के लिए संस्थान की अरूणिमा आयुषी जैन, डॉ. राषि गर्ग एवं कोमल वर्मा को सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस ने सरस मेले में किया सम्मान समारोह का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौतम बुध नगर पुलिस कमिशनर ने नोएडा सेक्टर 33ए स्थित नोएडा हाट में सरस मेले के दौरान सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रयास करते रहे। झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाली एक नेत्रहीन मां की 8 माह की नेत्रहीन बच्ची की आंखों की रोशनी वापस लाने के लिए इस अवसर पर उन्हें भी सम्मानित किया गया। अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था लव कुमार ने कहा कि



पुलिस अधिकारियों,कर्मचारियों, एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ ही आईटीई को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह की मुख्य अतिथि एवं पुलिस आयुक्त आलोक सिंह की धर्मपत्नी आकांक्षा सिंह ने कहा कि वैसे तो हमारे समाज में हर दिन महिलाओं के सम्मान का दिन है। मगर आज का दिन विशेष रूप से विश्व भर में याद रखा जाता है। उन्होंने कहा कि कर्तव्यों का निर्वहन करने में पुरुषों का भी बराबर का योगदान है।चाहे वह पिता के रूप में हो। भाई के रूप में हो या फिर पति के रूप में। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि उनकी दादी का मानना था कि यदि आप जीवन से खुश हैं तो जीवन बेहतर है और यदि दूसरों की खुशी का कारण बनते हैं तो जीवन बेहतरीन है। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं अपने सम्मान एवं सुरक्षा के लिए आजाद हैं। अपने आसपास पुलिस में तैनात महिला कर्मचारी एवं अधिकारी अपने परिवार को छोड़कर जनता की सेवा में समर्पित रहती है यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। महिला सशक्तिकरण पर समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान देने की जरूरत है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की योजना को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही आईटीई ग्रुप, शारदा इंस्टिट्यूट, साईं कृपा तथा नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन सहित अन्य संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन डीसीपी महिला सुरक्षा व्रंदा शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भारती सिंह एडीसीपी, रणविजय सिंह एडीसनीपी,रजनीश वर्मा एसीपी -2, अंकिता शर्मा एसीपी प्रथम के साथ ही गौतम बुध नगर पुलिस कमिशनर के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देश में नहीं आएगी कोरोना की चौथी लहर वायरोलाजिस्ट टी जैकब का दावा, किसी संक्रामक वैरिएंट के सामने आने पर ही खतरा

**नई दिल्ली ।** देश को भविष्य में कोरोना महामारी की किसी नई लहर का सामना नहीं करना पड़ेगा। जाने माने वायरोलाजिस्ट टी जैकब जान ने कहा है कि तीसरी लहर खत्म हो गई है और चौथी लहर के आने की तब तक कोई संभावना नहीं है जब तक कि अनपेक्षित रूप से कोई



अत्यधिक संक्रामक वैरिएंट नहीं सामने आता है। काउंसिल इंडियन काउंसिल फार मेडिकल रिसर्च के सेंटर आफ एडवांस्ड रिसर्च इन वायरोलाजी के पूर्व निदेशक जान ने कहा कि विश्वास के साथ निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि तीसरी लहर समाप्त हो गई है और देश एक बार फिर एक स्थानिक चरण में प्रवेश कर गया है। स्थानिक चरण से मतलब यह है कि लोग संक्रमण के साथ जीना सीख जाते हैं, जबकि महामारी की अवस्था में वायरस आबादी पर हावी होता है। जान ने कहा कि पिछले चार हफ्ते से देशभर में नए मामलों में लगातार कमी आ रही है। किसी राज्य में संक्रमण में ज्यादा उतार चढ़ाव नजर नहीं आ रहा है। मामलों में स्थिरता बनी हुई है। इस सवाल पर कि पहले भी कई विशेषज्ञों ने कहा था कि तीसरी लहर नहीं आएगी, जान ने कहा कि तीसरी लहर ओमिक्रोन की वजह से आई। किसी ने भी ओमिक्रोन को लेकर कोई अनुमान नहीं लगाया था। तीसरी लहर के नहीं आने का आकलन उस समय की महामारी की स्थिति के आधार पर किया गया था। जान ने कहा कि महामारी चौथी लहर तब तक नहीं आएगी, जब तक कि अल्फा, बीटा, गामा या ओमिक्रोन से अलग कोई बहुत ही संक्रामक वैरिएंट उभरकर सामने नहीं आता है। उन्होंने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति और विश्वभर में महामारी के ट्रेंड से भी कोई खतरा नजर नहीं आ रहा है। इसलिए उन्हें पूरा भरोसा है कि महामारी चौथी लहर नहीं आएगी। दो से तीन लहर के बाद स्थानिक हो जाती है सांस से जुड़ी महामारी जान ने कहा कि इससे पहले भी सांस से जुड़ी जितनी महामारी आई हैं वो दो से से तीन लहर के बाद स्थानिक अवस्था में चली गई हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि आने वाले दिनों में कोरोना वायरस के वंश से जुड़े वायरस के चलते कभी-कभी संक्रमण बढ़ जाए, लेकिन वह बड़ी महामारी का रूप नहीं लेगी। इसके लिए जरूरी है कि संभावित वायरस पर नियमित रूप से नजर रखी जाए और नमूनों की जांच होती रहे, ताकि कोई नया वैरिएंट सामने आता है तो उसका तुरंत पता चल सके।

## अर्थ शक्ति फ़ाउन्डेशन ने महिलाओं को किया जागरूक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर अर्थ शक्ति फाउंडेशन द्वारा लक्ष्मी नगर मेन मार्केट, में महिलाओं को मुफ्त में सैनिटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम का प्रारंभिक उदघाटन समारोह डॉ. अदिती आचार्य (स्त्रीरोग ) की हाथों से किया गया। उसके बाद मार्केट में सभी आने जाने वाली महिलाओं, लड़कियों को सैनिटरी पैड का वितरण हुआ। महिलाओं को इस महिला दिवस पर सशक्त बनाने के साथ ही उनके हाइजीन से संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आज के दिन उन्हें पहले उनका स्वास्थ्य और माहवारी के वक़्त होनेवाली समस्याओं की जागरूकता होनी जरूरी है। इसलिए यह उपक्रम अर्थ शक्ति फॉउंडेशन द्वारा क्रियान्वित किया गया। कार्यक्रम में मार्केट के सभी लोगों ने अच्छा सहकार्य किया और उनके देखने के नजरिए में भी काफी सकारात्मक बदलाव महसूस किया गया। कार्यक्रम दौरान अर्थ शक्ति फाउंडेशन के एडवोकेट सुनील तिवारी, तृप्ति दिवान, प्रोजेक्ट मैनेजर हर्षाली सोनार, रोहित, आदि लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को दिशा निर्धारित बनाया।



## 8 अप्रैल से नव दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 सेन्ट्रल पार्क मे 8 अप्रैल से कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज के मुखारविंद से नव दिवसीय श्री राम कथा का कही जाएगी ।श्री राम कथा 8 अप्रैल कलश यात्रा के साथ शुरू होकर 17 अप्रैल हवन आरती और विशाल भंडारे के साथ पुर्णाहुति होगी । उक्त जानकारी कार्यक्रम के प्रभारी रवि राघव ने देते हुये कहा कि 8 अप्रैल से 17 अप्रैल तक यह कथा चलेगी। जिसमें आप सभी सेक्टर एवं नोएडा वासी सादर आमंत्रित है ।यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से की जा रही है ।आप सभी पहुंच कर कथा का रसास्वादन लेते हुये धर्म लाभ अर्जित करें ।



## मेटरनिटी एवं लेबर रूम नेशनल स्टैंडर्ड पर जिला चिकित्सालय सम्मानित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** 9 मार्च 2022- कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन में कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय शहडोल को विगत दिवस मेटरनिटी एवं लेबर रूम में नेशनल स्टैंडर्ड (लक्ष्य) की प्रोटोकॉल का पालन कराने एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 प्रभु राम चौधरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि जिला अस्पताल में शासन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का लगातार पालन कराया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप जिला चिकित्सालय को प्रदेश स्तर पर कायाकल्प कराने हेतु पूर्व में भी कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। आयोजित कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त श्री सुदाम खाडे, मिशन संचालक श्रीमती प्रियंका दास उपस्थिति में क्षेत्रीय संचालक डॉ0 प्रमोद पाठक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 एम.एस. सागर, सिविल सर्जन डॉक्टर जी.एस. परिहार, डीपीएम श्री मनोज द्विवेदी एवं डीपीएचएन सुश्री वंदना डोंगरे को संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय शहडोल के मेटरनिटी एवं लेबर रूम के नेशनल स्टैंडर्ड लक्ष्य निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन डॉ0 जी.एस. परिहार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 ममता जगतपाल तथा जिला चिकित्सालय की नर्सिंग ऑफिसर ने सराहनीय कार्य किया है।




## उदिता योजना अंतर्गत माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन प्रशिक्षण


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** इस परियोजना अंतर्गत दिनांक 02 मार्च 2022 को सेक्टर पपरेड़ी में परियोजना स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वास्थ्य एवं माहवारी चक के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई, स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन करते हुए माहवारी का सरल बनाने हेतु योगाशन का प्रशिक्षण वीडियो के माध्यम से समस्त किशोरी बालिकाओं को दिखाते हुए समझाया गया। माहवारी स्वास्थ्य के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों का समाधान बताया गया। माहवारी स्वास्थ्य समस्या के निराकरण हेतु समझाइस दी गई। प्रशिक्षण अंतर्गत समस्त किशोरी बालिकाओं को माहवारी किट उपलब्ध कराई गई उक्त किट अंतर्गत एक बाक्स के अंदर पेपर सोप, डिटोल, सैनेटाईजर, सैनेटरी नैपकिन 04 नग, पेपर नैपकिन, सादा पेपर, बिग साईज ईनवुप 02 नग के साथ सामान को उपयोग करने के तरीके बताए गए। कार्यक्रम के अंत में किशोरी बालिकाओं को उक्त माहवारी किट एवं स्वल्पाहार पैकेट वितरण किए गए। कार्यक्रम अंतर्गत परियोजना अधिकारी श्रीमती सुनीता रजक, सेक्टर पर्यवेक्षक रोशनी गौतम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता / सहायिका एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रही। कोविड-19 का पालन करते हुए प्रशिक्षण संपन्न किया गया।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सैफ अली खान की बहन ने की इतनी बड़ी गलती भड़के लोग बोले

**नई दिल्ली।** मंगलवार को देशभर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। फिल्मी सितारों ने अभिनेत्रियों को खास अंदाज में इस दिन की बधाई दी। वहीं कुछ ने खास पोस्ट भी सोशल मीडिया पर शेयर किए। उनमें से एक सैफ अली खान की बहन सबा अली खान भी हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सबा अली खान ने ऐसा पोस्ट शेयर किया जिसको देखने के बाद लोग भड़क गए और सैफ अली खान के एक्स वाइफ अभिनेत्री अमृता सिंह के बारे में पूछने लगे। सबा अली खान सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। वह अक्सर अपने परिवार से जुड़ी खास यादों को शेयर करती रहती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सबा अली खान ने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने परिवार की लगभग सभी महिलाओं का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उनकी मां अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, भाभी करीना कपूर, भतीजी सारा अली खान और बहन सोहा अली खान



नजर आईं। इसके अलावा और भी महिलाएं वीडियो में नजर आईं, लेकिन इस वीडियो में सैफ अली खान की एक्स वाइफ कहीं दिखाई नहीं दीं। ऐसे में कई सोशल मीडिया यूजर्स ने सबा अली खान से अमृता सिंह को लेकर सवाल किए। साथ ही उनकी तस्वीर न शेयर करने पर गुस्सा भी जाहिर किया है। नाम के यूजर ने सबा अली खान के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अमृता जी कहा हैं अमृता मैम कहा हैं, तुम लोग बहुत सेल्फिश हो'। 2118रे ने लिखा, निराशाजनक अमृता सिंह जैसी महिला, जिसने दो बच्चों को अकेले बड़ा किया वह अन्य महिलाओं से ज्यादा मजबूत हैं उनके इसका हिस्सा होना चाहिए था। ने अपने कमेंट में लिखा, 'अमृता जी क्यों नहीं हैं, अगर सारा तुम्हारी फैमिली है तो अमृता जी क्यों नहीं, माफ करना अगर मैं गलत हूं तो लेकिन एक महिला होने के नाते हमें एक-दूसरे को समझना चाहिए।इनके अलावा और भी कई सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट कर सबा अली खान का ट्रोल किया है। आपको बता दें कि 90 के दशक में अमृता सिंह अपने करियर की ऊंचाइयों पर थीं। उस समय उन्होंने अपने से 12 साल छोटे सैफ अली खान के साथ शादी करने का फैसला किया था। उस समय सैफ अली खान फिल्म इंडस्ट्री में संघर्ष कर रहे थे। हालांकि उनका यह शादी लंबी नहीं चल सकी और दोनों ने साल 2004 में तलाक ले किया। जिसके बाद सैफ अली खान ने करीना कपूर से शादी कर ली।

# शाह रुख खान के साथ फिल्म बनाने की बात पर कालोज ने यूं किया रिएक्ट फैंस से कही ये बड़ी बात

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस काजोल अपने सेंस ऑफ ह्यूमर के लिए जानी जाती हैं। अब उन्होंने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ इंटरनेक्शन किया था, जिसके दौरान फैंस ने उनसे की जोड़ी 90 के दशक की सबसे पसंदीदा जोडी में से एक है। दोनों दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे, स्वदेश, मैं हूं ना, माय नेम इज खान, दिल वाले जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। वर्कफ्रंट



कई सवाल किए थे। जिनका काफी बेबाकी से काजोल ने जवाब दिया है। इस दौरान फैंस ने उनसे कई मजेदार सवाल किए। इंटररेक्शन के दौरान एक फैन ने उनके करण जौहर और शाह रुख खान के साथ फिल्म बनाने के बारे में कहते हुए लिखा, कृपया करण औक शाह रुख खान के साथ फिल्म बनाएं। इस सवाल का जवाब देते हुए कालोज ने लिखा, ये करण देंखेगें, दोस्त आप गलत जगह पर पुछ रहे हैं। साथ ही उन्होंने हंसने वाली इमोजी भी साझा की है। वहीं, एक फैन ने उनकी कजिन और एक्ट्रेस रानी मुखर्जी के बारे में पूछा लिखा, कृपया रानी मुखर्जी के बारे में बताओं वो इंस्टाग्राम पर क्यूं नहीं है और हैप्पी वूमेंस डे। फैन को जवाब देते हुए अभिनेत्री ने लिखा, डायलिंग रानी, ये काफी गंभीर है। आपको बता दें, कालोज और शाह रुख खान की बात करें तो, काजोल ने 'द लास्ट हुर्रे' को साइन किया है। उन्हें आखिरी बार पिछले साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई उनकी फिल्म 'त्रिभंगा' में देखा गया था। इस फिल्म से उन्होंने डिजिटल प्ले फॉर्म्स पर अपना डेब्यू किया हैं। फिल्म की कहानी तीन पीढियों की महिलाओं और मां बेटी के बनते बिगड़ते रिश्तों के इर्द-गिर्द धूमती है, जिसमें उन्हें कई तरह के इमोशनल और समाज की मान्यताओं, रूढिवादी परंपरा का सामना करना पड़ता है। फिल्म में काजोल के साथ तन्वी आज़मी, मिथिला पालकर और एक्टर कुणाल रॉय कपूर ने अहम किरदार निभाएं हैं। इस फिल्म का निर्देशन रेणुका शहाणे ने किया है। इससे पहले उन्हें फिल्म तान्हाजी द अनसंग वॉरियर में अभिनेता अजय देवगन के साथ देखा गया था।

# स्वामी चक्रपाणी को नहीं समझ आया कंगना रनोट का रियलिटी शो, कहा 'दिखने के लिए लड़ते हैं लोग


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट का रियलिटी शो लॉक अप इन दिनों कई वजहों से खबरों में बना हुआ है। इस शो में बहुत से कंटेस्टेंट्स ऐसे भी हैं जो अपनी निजी जिंदगी को बारे में हैरान कर देने वाले खुलासे करते रहते हैं। पिछले हफ्ते लॉक अप में पहला एविक्शन हुआ, जिसमें स्वामी चक्रपाणी महाराज कंगना रनोट के शो से बाहर हो गए हैं। लॉक अप से बाहर आने के बाद अब चक्रपाणी महाराज ने शो से निकलने की वजह का खुलासा किया है। लॉक अप से निकलने के बाद स्वामी चक्रपाणी महाराज ने अंग्रेजी वेबसाइट इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शो से जुड़े अपने अनुभवों को शेयर किया। स्वामी चक्रपाणी महाराज का कहना है कि उन्हें कंगना रनोट के इस शो का फॉर्मेट समझ ही नहीं आया। उन्होंने कहा है कि जब वह पहली बार शो में गए तो उन्हें लगा कि एक ही छत के नीचे इतने सारे लोगों के एक साथ रहने से वह वहां फिट नहीं होंगे। स्वामी चक्रपाणी महाराज ने कहा, 'मैं एक ऐसा इंसान हूं जो एकांत में रहता है। मैं इतने सारे लोगों के साथ एक ही छत के नीचे कभी नहीं रहा हूं। इसके अलावा मुझे इस शो की कोई समझ नहीं है, हो सकता है कि मैं अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहा हूं'। स्वामी चक्रपाणी महाराज, 'ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे लिए आश्चर्य की बात थी जब मैंने लोगों को कैमरों से बात करते या दिखने के लिए लड़ते देखा। मुझे अक्सर आश्चर्य होता है कि क्या कोई हमें देख भी रहा है।' इसके अलावा स्वामी चक्रपाणी महाराज ने कंगना रनोट के शो को लेकर और ढेर सारी बातें की हैं। आपको बता दें



कि कंगना रनोट के नए शो लॉक अप में पहला वीकेंड काफी धमाकेदार रहा। कंगना ने जहां कुछ कंटेस्टेंट्स की जमकर क्लास लगाई, वहीं कुछ की दर्दभरी कहानी दुनिया को पता चली। लॉक अल से सनडे एपिसोड में स्वामी चक्रपाणि महाराज को विदाई दे दी गई। स्वामी जी शो से बाहर जाने वाले पहले कंटेस्टेंट हैं। अब कंगना रनोट की जेल में 12 कंटेस्टेंट्स बचे हैं। 27 फरवरी को कंगना रनोट के इस शो का आगाज हुआ है। जिसमें सभी कंटेस्टेंट्स को दर्शकों से रूबरू करवाया गया था। इन कंटेस्टेंट्स को 10 हफ्ते के लिए लॉक कर दिया जाएगा और उन्हें बुनियादी जरूरतों के लिए लड़ना होगा।

# मलाइका अरोड़ा ने क्लिक की ब्वॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर की तस्वीर अभिनेता ने कही ये बात

**नई दिल्ली।** अभिनेता अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा अपने अपनी एक्टिविटी के चलते फैंस के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया अपनी फोटोज वीडियो शेयर कर एक-



दूसरे की लेग पूलिंग करते रहते हैं। अब अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वो स्विंमिग पूल में चिल करते हुए दिख रहे हैं। इस तस्वीर को अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया हैं। फोटो में अर्जुन कपूर कैमरे की ओर अपनी पीठ मोड़ कर खडे हुए हैं। साथ ही इस तस्वीर को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर उन्होंने अपनी लव लेडी की लेग पुलिंग करते लिखा, आखिरकार मलाइका ने मेरी पीठ दिखाने का इंतजाम कर दिया है। हाल ही में उन्होंने फिल्म निर्माता लव रंजन की शादी के फंक्शन की तस्वीरें शेयर कर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट टीज किया था। इन तस्वीरों में रणबीर अर्जुन फंक्शन को एंजॉय करते हुए दिख रहे हैं। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो इस साल कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। वो जल्द ही मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म एक विलेन रिटर्न्स 2 में नजर आने वालें हैं। इस फिल्म में उनके साथ जॉन अब्राहम, तारा सुतारिया और दिशा पाटनी मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं। एक विलेन रिटर्न्स 2 साल 2014 में आई सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर, रितेश देशमुख द्वारा सीक्वल है। इसके अलावा वो विशाल भारद्वाज की फिल्म कुत्ते में मुख्य पुलिस कॉन्स्टेबल का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म में अर्जुन एक्ट्रेस तब्बू, राधिका मदान, नसीरुद्दीन शाह के साथ नजर आने वाले हैं, जबकि तब्बू एक कर्पट पुलिस वाले का किरदार निभा रही हैं। साथ ही अभिनेता द लेड़ी किलर में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर के साथ मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं

# ब्रेकअप के बाद पहली बार वरुण सूद के पिता का रिएक्शन आया सामने, ट्वीट कर दिव्या अग्रवाल के बारे में लिखी ये बात

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी विनर दिव्या अग्रवाल इनदिनों अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर काफी चर्चा में हैं। हाल ही में दिव्या ने अपने ब्वॉयफ्रेंड एक्टर वरुण सूद संग अलग होने का फैसला लिया। वरुण संग अलवाग की जानकारी



खुद दिव्या ने सोशल मीडिया पर पर दी थी। उन्होंने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखकर बताया कि वह और वरुण सूद अब साथ नहीं हैं। इस खबर के सामने आने के बाद उनके दिव्या और वरुण के फैंस काफी निराश हुए थे। वहीं अब इन सबके बीच वरुण के पिता ने पहली बार इस मामले में अपना रिएक्शन दिया है। वरुण के पिता ने ट्वीट कर दिव्या के बारे में काफी कुछ लिखा। यहां देखें पोस्ट वरुण सूद के पिता विनीत सूद ने ट्विटर पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा है। उन्होंने ट्वीट में लिखा, 'दिव्या के फैसले का सम्मान करते हैं। दोनों ने ही एक दूसरे को बहुत प्यार किया। अभी भी करते हैं। यही जिंदगी है। दिव्या को लेकर मुझे कोई निगेटिविटी नहीं है। उसके लिए मेरा प्यार और केयर हमेशा था और रहेगा। दोनों का एक साथ में जो समय बीता, उस वक्त को दोनों ने एंजॉय किया। आगे के लिए दिव्या को बधाई। मॉम और मैं तुम्हारे आगे की जिंदगी के लिए शुभकामनाएं देते हैं। रॉक आन।' आपको बता दें कि हाल ही में दिव्या अग्रवाल ने वरुण से अलग होने के बाद अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर लिखा था। इस ट्वीट में उन्होंने वरुण को सूर को ट्रोल करने वालों को चेतावनी दी थी। दिव्या ने लिखा था, 'कोई भी वरुण के कैरेक्टर के बारे में कुछ भी कहने की हिम्मत न करें हर अलगाव कैरैक्टर की वजह से नहीं होता वह एक ईमानदार आदमी है अकेले रहने का मेरा फैसला है किसी को कुछ भी बकवास बोलने का अधिकार नहीं है जिंदगी में ऐसे फैसले लेने में बहुत ताकत लगती है।

# 'द कपिल शर्मा शो' को छोड़ने के सालों बाद 'दादी' ने किया बड़ा खुलासा, अली असगर ने बताया शो छोड़ने की असली वजह


**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' को दर्शक काफी पसंद करते हैं। इस शो के हर किरदार की शानदार एक्टिंग के चलते दर्शक उन्हें काफी



पसंद करते हैं। वहीं कई ऐसे भी कलाकार हैं जो आज भले ही इस शो का हिस्सा नहीं हैं लेकिन आज भी लोग उन्हें काफी याद करते हैं। एक ऐसे ही किरदार का नाम 'दादी' है। कपिल के शो में दादी के रोल को काफी काफी पसंद किया गया था। दादी का फेमस रोल शो में एक्टर कॉमेडियन अली असगरने निभाया था। दादी का किरदार लोगों को इतना ज्यादा पसंद था जब उन्होंने इस शो को छोड़ा तो लोगों के दिल ही टूट गए। वहीं अब सालों बाद अली ने 'कपिल शर्मा' शो को अचानक छोड़ने का खुलासा किया है।एक्टर अली असगर ने हाल ही में ईटाइम्स को इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने कई सारी बातों के साथ शो को अचानक छोड़ने की असली वजह का भी खुलासा किया। अली ने बताया, 'ये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। आपकी लाइफ में ऐसे मौके आते हैं जब आप दोराहे पर खड़े होते हैं। उस वक्त आपको एक बड़ा और कड़ा फैसला लेना होता है। मैं आज भी शो को और स्टेज को मिस करता हूं। हमने एक टीम तरह काम किया था।इसी इंटरव्यू में अली ने आगे कहा, 'लेकिन एक ऐसा समय आया जब सिर्फ प्रोफेशनल तौर पर मुझे लगा कि अब बहुत ज्यादा हो गया है। क्रिएटिव डिफरेंसेज की वजह से मैंने शो छोड़ा क्योंकि मेरा कैरेक्टर स्थिर हो गया था। शो में मेरा काम रुक सा गया था। वहीं मेरे रोल में इंप्रूवमेंट का कोई स्कोप नहीं था। यही कारण था कि मैंने शो को अलविदा कहना ही सही समझा।

# घरेलू हिंसा पर फिर छलका पूनम पांडे का दर्द कहा- 'मेरा चेहरा ब्लैक और ब्लू हो जाता था छुपाती थी मेकअप से


**नई दिल्ली।** अभिनेत्री पूनम पांडे अपने एक्स हसबैंड सैम बॉम्बे को लेकर अक्सर कंगना रनोट के शो लॉक अप खुलासे करती रहती हैं। बीते दिनों उन्होंने अपने साथ हुई घरेलू हिंसा को लेकर भी ढेर सारी बातें की थीं। अब एक बार फिर से पूनम पांडे ने घरेलू हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बताया है कि जब सैम बॉम्बे उन्हें पीटते तो उनका क्या हाल हो जाता था। लॉक अप में पायल रोहतगी और सायशा शिंदे से बात



करते हुए पूनम ने बताया है कि चोट लगने के बाद उन्होंने कई डॉक्टर को दिखाया है, लेकिन उनकी चोट अभी तक ठीक नहीं हुई है। पूनम पांडे ने कहा, 'मैं कई डॉक्टर्स से मिल चुकी हूं। अगर मेरी नाक के हिस्से के हिलाओगे तो अब भी दर्द होता है'। इस पर सायशा शिंदे कहती हैं, 'देश में पता नहीं कितनी महिलाएं हैं जो हर मिनट इस चीज से गुजरती हैं। इस पर पूनम पांडे कहती हैं, 'सच में, मैं भी उनमें से एक हूं जिसने अपनी परेशानी को खुलकर बताया है। मैं पिछले चार सालों के घरेलू हिंसा का शिकार हूं। जबकि मैंने किसी को इसके बारे में नहीं बताया था।' यह बात सुनने के बाद पायल रोहतगी कहती हैं, 'भारतीय सेलिब्रिटी घरेलू हिंसा को लेकर खुलकर बात नहीं करते हैं।' इस पर पूनम पांडे कहती हैं, 'मेरे पास वोकल होने के लिए वजह नहीं थी। मैं हमेशा अपनी अच्छी तस्वीरें शेयर करती और सबसे नॉर्मल बात करती थी। अपनी बात को आगे बढ़ाती हुए पूनम पांडे ने कहा, 'मेरे चेहरा ब्लैक और ब्लू हो जाता था, लेकिन मैं उस पर मेकअप लगाकर छूपा लेती थी और इवेंट में जाती थी।' इसके अलावा पूनम पांडे ने और भी ढेर सारी बातें की हैं। बात करें कंगना रनोट के शो लॉक अप की तो इसमें पहला वीकेंड काफी धमाकेदार रहा। कंगना ने जहां कुछ कंटेस्टेंट्स की जमकर क्लास लगाई, वहीं कुछ की दर्दभरी कहानी दुनिया को पता चली। लॉक अल से सन्डे एपिसोड में स्वामी चक्रपाणि महाराज को विदाई दे दी गई। स्वामी जी शो से बाहर जाने वाले पहले कंटेस्टेंट हैं। अब कंगना रनोट की जेल में 12 कंटेस्टेंट्स बचे हैं। वहीं लॉक अप से निकलने के बाद स्वामी चक्रपाणी महाराज का कहना है कि उन्हें कंगना रनोट के इस शो का फॉर्मेट समझ ही नहीं आया। उन्होंने कहा है कि जब वह पहली बार शो में गए तो उन्हें लगा कि एक ही छत के नीचे इतने सारे लोगों के एक साथ रहने से वह वहां फिट नहीं होंगे। स्वामी चक्रपाणी महाराज ने कहा, 'मैं एक ऐसा इंसान हूं जो एकांत में रहता है। मैं इतने सारे लोगों के साथ एक ही छत के नीचे कभी नहीं रहा हूं। इसके अलावा मुझे इस शो की कोई समझ नहीं है, हो सकता है कि मैं अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहा हूं'। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे लिए आश्चर्य की बात थी जब मैंने लोगों को कैमरों से बात करते या दिखने के लिए लड़ते देखा। मुझे अक्सर आश्चर्य होता है कि क्या कोई हमें देख भी रहा है।

# 'आश्रम' की 'बबिता' ने बिना पैंट सिर्फ शर्ट में कराया बोल्ड फोटोशूट, पोज देते वक्त हुआ ऐसा देखकर नहीं होगा यकीन

**नई दिल्ली।** वेब सीरीज 'आश्रम' में 'बबीता' का बोल्ड किरदार निभाकर चर्चा में आने वाली एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं। त्रिधा न सिर्फ फिल्मों में बल्कि रियल लाइफ में भी काफी



बोल्ड हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी हॉटनेस से आग लगाती हैं। एक्टिंग के साथ त्रिधा सोशल प्लेटफॉर्म भी जबरदस्त एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी हॉट एंड बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें और वीडियो फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इसी बीच त्रिधा के एक लेटेस्ट फोटोशूट ने इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है। इस तस्वीर में उनका बोल्ड लुक देखकर फैंस काफी हैरान नजर आ रहे हैं। यहां देखें तस्वीर 'बबीता' यानी त्रिधा चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में त्रिधा चेयर पर बैठकर बोल्ड फोटोशूट क्लिक कराती दिख रही हैं। फोटो में आप देख सकते हैं कि त्रिधा बिना पैंट पहने सिर्फ एक व्हाइट शर्ट में फोटोशूट करा रही हैं। पैंट की जगह त्रिधा ने लॉन्ग बूट्स पनहे हैं। वहीं आप देख सकते हैं कि त्रिधा कैमरे के सामने पोज देते हुए अपनी शर्ट को कंधे के एक साइड से खिसकाती हुई दिख रही हैं। इस तस्वीर में उनके पोज देने के अंदाज बेहद ही बोल्ड है। त्रिधा की इस फोटो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर लगातार यूजर्स उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं।

# जैस्मिन भसीन लंदन की सड़कों पर हुई ब्वॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ रोमांटिक, भावुक हुए फैंस

**नई दिल्ली।** जैस्मिन भसीन और उनके ब्वॉयफ्रेंड अली गोनी टेलीविजन के सबसे लोकप्रिय जोड़ियों में से एक हैं। इन दोनों की



जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। दोनों ने रिएलिटी शो बिग बॉस 14 में एक-दूसरे से अपने प्यार का इजहार किया था। सोशल मीडिया पर भी ये दोनों एक-दूसरे से अपने प्यार का इजहार करने से बिलकुल भी नहीं कतराते। कुछ दिनों पहले दोनों अली का जन्मदिन मनाने के लिए लंदन गए थे, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वह अक्सर सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। जैस्मिन भसीन ने हाल ही में लन्दन की सड़कों पर अली गोनी के साथ डांस करते हुए एक रोमांटिक वीडियो शेयर किया, जिसे देखकर फैंस भावुक हो गए। जैस्मिन भसीन द्वारा शेयर किए गए इस वीडियो में वह और अली एक शॉपिंग मॉल के पास हैं और लन्दन की सड़कों पर रोमांटिक होते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में जैस्मिन भसीन और अली ने 'सजाऊंगा लुटकर' भी गाने पर एक रील बनाई। इस रील में अली और जैस्मिन रास्ता क्रॉस करते हुए कभी एक-दूसरे का हाथ थामते हुए दिखाई दे रहे हैं, तो कभी एक-दूसरे की बांहो में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को जैस्मिन भसीन ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बीइंग फिल्मी'। फैंस को दोनों का यह रोमांटिक वीडियो पसंद तो आ रहा है, लेकिन इसी के साथ वह भावुक भी हो गए हैं। कई समय के बाद सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को फिर से साथ देखकर उनके फैंस काफी भावुक हो गए। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'मेरी जैस(जैस्मिन भसीन) खुश है बस यही मायने रखता है।

# दिव्यांका त्रिपाठी ने खुद को बताया आवारा, पति विवेक दहिया के साथ रोड़ ट्रिप का वीडियो किया शेयर

**नई दिल्ली।** दिव्यांका त्रिपाठी छोटे परदे का एक बड़ा नाम है। उन्होंने एकता कपूर के शो 'ये हैं मोहब्बतें' से घर-घर में इशिता भल्ला बनकर एक खास पहचान बनाई। इस शो में फैंस ने उनके किरदार को खूब पसंद किया। इस शो में ही उनकी मुलाकात उनके प्यार विवेक दहिया से हुई और उन्होंने 8 जुलाई साल 2016 में शादी कर ली। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फैंस को अक्सर कपल गोल्स देते हैं। अब हाल ही में दिव्यांका त्रिपाठी ने अपने पति और अभिनेता विवेक दहिया के साथ एक वीडियो शेयर करके खुद को आवारा बताया है। दिव्यांका त्रिपाठी को रोड़ ट्रिप बहुत ही पसंद है और उन्हें जब भी अपने बिजी शेड्यूल से मौका मिलता है वह अपने पति विवेक के साथ रोड़ ट्रिप पर निकल जाती हैं। दिव्यांका त्रिपाठी ने हाल ही में अपने पति विवेक के साथ अपने इंस्टाग्राम पर रोड़ ट्रिप की एक प्यारी सी वीडियो बनाकर शेयर की। इस वीडियो में वह अपने पति के साथ खेल खलिहान में और रोड़ पर कभी मस्ती कर रही हैं तो कभी अपनी गाड़ी में बैठकर खाना खा रही हैं। कभी विवेक दहिया उनके साथ मिलकर मस्ती कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करने के साथ ही दिव्यांका ने कैप्शन में लिखा, 'बहुत ही प्यार के साथ इसे एडिट किया है। वीडियो देखें। इस वीडियो को साथ उन्होंने आवारा हूं गाना लगाया। दिव्यांका त्रिपाठी का यह एडिटेड वीडियो फैंस को खूब पसंद आ रहा है। फैंस लगातार उनकी इस वीडियो पर कमेंट कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।